अथ हनुमन्नाटक भाषा का सूचीपत्र।

इति ॥

श्रीमतेनिम्बार्काय नमः ॥

अथ हनुमान्नाटक भाषा
अर्थात्
श्रीवरविलासः प्रारभ्यते ॥

शालिनीछन्द ॥

वन्दे रामं कोटिकामाभिरामं। मेघश्यामं सर्वदापूर्णकामं ॥ गोविन्दोहंसच्चिदानन्दकन्दं। देवाधीशंजानकीशंजनेशं १ ॥ अनुष्टुब्छन्द ॥ श्रीवरस्यविलासोयं ग्रन्थोरामयशोङ्कितः ॥ हनुमन्नाटकच्छायां गृहीत्वा तन्यते मया २॥ अथ ग्रन्थावतरणिका ॥ शतगुनीस बत्तीस सह १६३२ मेचक श्रावणमास ॥ बुधबासर एकादशी, श्रीबरबरत बिलास ३ पाय कछुक परसंग मम, आगमपुर पिपलोद ॥ दूलह नृप दीन्हों हुकुम, सुनि मन भयो प्रमोद ४ ॥ मत्तगजेन्द्रछन्द ॥ एक समै पिपलोदपुरी प्रति गौन गोविन्द तुरन्त तहां है । मन्दिर में गणनायकके निज मन्त्रिनयुक्त जनेश जहां है ॥ नाटककी बरचानि चलाय सुनाय दिये बर बैन वहां है। औ नृप दूलहकी उपमा सम पावत सो नृप कौन कहां है ५ श्रीमत रावत साहब दूलह हेरनमें दरशैं नित हाटक । बिप्र गोविन्द दई उन आय सहीय कृपा-

इति ॥

निहारत आसुर ओघ सुबाहु मारीचिसमेत सबै हैं ॥ श्रीरघुनन्दन कन्द कियो क्षण छांड़ि मरीचि सुजान जबै हैं। कारजलीन कलंक यो जिहिते तिहिको तजिदीन तबै हैं ८ ॥ मनोहरछन्द ॥ सीताको स्वयंवर सुनत श्रौन कियोगौन, मारगमें शिलारूप अहल्या उधारीहै। जनकपुरी में जाय सबै सतकार पाय, महत महीपनमें पाये शोभ भारीहै ॥ गावत गोबिन्दलखि कोशलकिशोर छबि, चित्रसे भये हैं यत्र तत्र नर नारीहैं। इन्द्रहै कि इन्दुहै कि दिपत दिनेन्द्र किधौं, दशरथनन्द रामचन्द्र बलिहारी है ९ ॥ दोहाछन्द ॥ निरखत निमि नृपनन्दनी, उर उमँग्यो आनन्द ॥ निज मनमधि संकलप कछु, करनलगी स्वच्छन्द १० ॥ चन्द्रायणछन्द ॥ कच्छप पीठ कठोर यहै शिवचाप है। कोमल मूरति श्रीरघुनन्दन आपहै ॥ इनते होय अधिज्य कौन यह बात है। परहां ! प्रणदारुण अति कीन अहह तुम तातहै ११ ॥ मनोहरछन्द ॥ लक्षमणलाय लक्षमणते कहत राम, पेखहु पृथीप पुञ्ज पुञ्ज प्रकटान है। जम्बूद्वीप आदि द्वीप द्वीप के महीप आये, कन्या अरु कीर्त्तिलाभ मानत महानहै ॥ बङ्कितकियोकाहु टङ्कित महेशचाप, नमितकियो न कियो उत्थापितथानहै। चढ़ी नाकबान कछु कढ़ीना जबानमुख, मेरे जान बीरताबिहीन भो जहान है १२ ॥ दोहाछन्द ॥ किय अनन्द रघुनन्दहिय, निज भुज बल बरणन्त ॥ प्रौढ़ी बचन प्रत्यक्षपढ़ि, लच्छ लच्छ हुलसन्त १३ ॥ षट्पदछन्द ॥ बहुत कहनमें कहा, नाथ सच बचन उचारत। दास शबरो खास, लक्षमणाधिप यह धारत ॥ गिनौं न गिरिवर मेरु, प्रमुख धनुकीका गिनती। अतिशय जीर्ण पिनाक, करौं प्रभुते यह बिनती ॥ मुहिंहोय हुकम मम लखहु बल, कौन कौन कौतुक करैं धकिधरैं मरोरौं मूल जिमि, गहि शतयोजन अनसरौं १४ ॥

टनकी उद्घाटक ॥ सोहत नाटक रत्ननमें मणिमाणिक सों हनु- मान सुनाटक । ग्रन्थ नवीन बनै उहि पन्थ न श्रोणपरैं अन ओघ उचाटक ६ ॥ दोहाछन्द ॥ कारक जगमें मतातते, समझैं सकल र- हेश ॥ फाटक हियरेके खुलैं, नाटक पराडनिशेश ७ आयसु पति पिपलोदकी, लीन्हीं शीश चढ़ाय ॥ पुर शोभा पुरपतिप्रभा, कछु बरणत चितचाय ८ ॥ मत्तगजेन्द्रछन्द ॥ थानक थानक होत कथा- नक बानक मङ्गल आनक बाजैं । मन्दिर मन्दिर अन्दर सुन्दर से- वन देव महोत्सवछाजैं ॥ गेहन गेह सनेह सने तुलसी थिरथान विशेष बिराजैं । मोद प्रमोद विनोद भरी पिपलोदपुरी सुचि पै भज भ्राजैं ९ ॥ अथ नृपतिवर्णन अमृतध्वनीछन्द ॥ लइजय बल्लि मतल्लिमहँ बंश बल्लिरावल्ल । दुल्लह रावत खुल्लि तित मल्ल बिदल्लीदल्ल ॥ दल्ल- ल्लखि प्रतिमल्लल्लह नहभल्लल्लजजित । फुल्लल्लोक बिफुल्लल्लोयन धुल्लल्लतित ॥ तुल्लल्लगाकि अतुल्लल्लिय जसभुल्लल्लघुरय ॥ दुल्ल- ल्लखत नभुल्लल्लगत प्रबल्लल्लहिजय १० ॥ अथ सिंहआखेटक वर्णन ॥ लखिबे में नरहत्थके, पञ्चानन बड़मत्थ । तत्थ पत्थ लोहन किये, दूलह नृप दुइहत्थ ॥ हत्थिरत्थदिमहँ मत्थत्थितदुइ चित्तत्थिरतुर । बत्थत्तुबक अकत्थत्थिति समत्त्थत्त्थलउर ॥ तत्थत्तित प्रहरत्तत्ताकि तक्किजित्ततसनखि । कत्थत्तवन कबित्तत्थुइ सर्बत्तत्तवलखि ११॥ अथ गजवर्णन ॥ कटकटात अटकत नहीं, सोहत बारन शुद्ध । लखि कुञ्जर गलगुञ्जरत, उर उद्धत अविरुद्ध ॥ रद्धद्धर अतिक्रुद्धत्तुर जुरियुद्धद्धरभट । घद्धद्धिम घद्धद्धिम घद्धद्धरघ ॥ घद्धद्धा- कट घद्धद्धाकट घद्धद्धाकट । धुद्धद्धुधुकट धुद्धद्धुधुकट धुद्धद्धुधु- कट १२ त्वरवच उचरत महावत भुरजचलगलगज्ज । रावतदूलह कगिलक गिरिकज्जल छविकज्ज छज्ज अतिभर गज्जज्जल-

धर कज्जजयकर । झुज्झज्झुकिझुकिखिज्जिझ्झटिति सुखिज्ज-ज्जराधर ॥ भज्जज्जवसुर गज्जज्जवशिर रज्जाजिनधर । लज्जज्ज-लधि निमज्जज्जडधि सलज्जज्जियल्लर १३ ॥ अथ हयशालावर्णन ॥ दिनदुलहा दुलहानृपति, यशजाहिरदशदिश। होतरहतहयशा-लजिहिं, संगीतकअहनिश ॥ निस्ससस्सरिगम धस्सस्सरिगम प-स्ससस्सरिगम । गस्ससस्सरिगम मस्ससस्सरिगम रस्सस्सरिगम ॥ तत्त थइपुनि तत्तथ्यइपुनि तत्तथ्यइतिन । अस्ससस्सकल नृपस्ससस्सपल निलस्ससस्सदिन १४ ॥ राजकुमारवर्णन दोहाछन्द ॥ भावत मनश-वत कुँवर, उपजावत आनन्द॥ तीनिहुँमतु त्रिभुवन तिलक, उपमा अखिल अमन्द १५ कलित केसरी केसरी, सोहत सदुपम शेष ॥ हिम्मतहिय किम्मतकरन, सकुचत सुकबिअशेष १६ ॥ सोरठाछन्द ॥ कुँवरकनीयसाल, राजत अति रघुनाथहरि ॥ तीनहुँ गुणगणमाल, चितचीनहु सब सुरनर ॥ १७ ॥

इति श्रीपिपलोदपत्तनाधिपालरावतजीश्रीदूलहसिंहजीविज्ञापितरङ्गपुरस्थकवि टीकारामाङ्गजगोविन्दरामविरचितेश्रीवरविलासेग्रन्थावतरणिका वर्णननामप्रथमोल्लासः ॥ १ ॥

तद्ग्रंथनाटिकावतारे ॥ अष्टाभिर्दशभिर्वापि नान्दीद्वादशभिःपदैः । आशीर्नमस्क्रियावस्तुनिर्देशोवापितन्मुखम् ॥ इति नान्दीमङ्गलवचनं दोहाछन्द ॥ रावत नरपति हुकुमगहि, धिय धरि अमित हुलास ॥ टी-कमसुत गोबिन्दद्विज, श्रीवरवरतविलास १ ॥ मनोहरछन्द ॥ मङ्गल निधान कलिकिल्बिषहरनहार, पावन पदार्थनको पावनप्रकामहै। नान्दीसलवर परनपद प्रापतिको प्रस्थितजे, मनुज मुमुक्षु राहखर्चे अभिराम है ॥ कबिबरबैन बिसरामधाम एकवही, सज्जनको जीवन जरूर बसुयाम है । धर्मबृक्ष बीजहोहु सकल बिभूतिप्रद, रावरसदैव

टनकी उद्घाटक॥ सोहत नाटक रत्ननमें मणिमाणिक सों हनुमान सुनाटक। ग्रन्थ नवीन बनै उहि पन्थ न श्रोणपरैं अन ओच उचाटक ६॥ दोहाछन्द॥ कारक जगमें मतानते, समझैं सकल रहेश॥ फाटक हियरेके खुलैं, नाटक पराडनिशेश ७ आयसु पति पिपलोदकी, लीन्हीं शीश चढ़ाय॥ पुर शोभा पुरपतिप्रभा, कछु बरणत चितचाय ८॥ मत्तगजेन्द्रछन्द॥ थानक थानक होत कथानक बानक मङ्गल आनक बाजैं। मन्दिर मन्दिर अन्दर सुन्दर सेवन देव महोत्सवछाजैं॥ गेहन गेह सनेह सनै तुलसी थिरथान विशेष बिराजैं। मोद प्रमोद विनोद भरी पिपलोदपुरी भुवि पै मन भाजैं ६॥ अथ नृपतिवर्णन अमृतध्वनीछन्द॥ लइजय बल्लि मतल्लिमहँ बंश बल्लिरावल्ल। दुल्लह रावत खुल्लि तित मल्ल बिदल्लीदल्ल॥ दल्लक्षिप्रतिमल्लह नहफल्लजजित। फुल्लोक बिफुल्लोयन झुल्लत्ततित॥ तुल्लगाकि अतुलल्लिय जसमुल्लघुनय॥ दुल्लखत नभुल्लगत प्रबल्लहिजय १०॥ अथ सिंहआखेटक वर्णन॥ लखिबे में नवहत्थके, पञ्चानन बड़मत्थ। तत्थ पत्थ लोहन किये, दूलह नृप इइहत्थ॥ हत्थित्थटिमहँ मत्थत्थिनदुइ चित्तत्थिरतुर। बत्थत्तुवक अकत्थत्थिति समत्थत्थलउर॥ तत्थत्तित प्रहरत्तत्तकि तकिजित्तत्तसनाखि। कत्थत्तवन कबित्तत्थुइ सर्वत्तत्तलाखि ११॥ अथ गजवर्णन॥ कटकटात अटकत नहीं, सोहत बारन शुद्ध। लखि कुञ्जर गलगुञ्जरत, उर उद्धत अविरुद्ध॥ रुद्धद्धुर अतिक्रुद्धत्तुर जुरियुद्धद्धरक्कट। घद्धद्धिन्ना घद्धद्धिन्ना घद्धद्धुनरघ॥ घद्धद्धाकट घद्धद्धाकट घद्धद्धाकट। धुद्धुद्धुधुकट धुद्धुद्धुधुकट धुद्धुद्धुधुकट १२ त्वरत्वम उचरत महावत मुरजबोलगलगज्ज। रावतदूलह कनिकर गिरिकज्जल छविछज्ज छज्ज चेत्रातिभर गज्जज्जल-

धर कज्जजयकर । भुज्भङ्गुकिभुकिविज्जिझटिति सुलिज-
जशवर ॥ भज्जजवसुर गज्जवशिर रज्जिजिनधर । लज्जम-
लधि निमज्जजडधि सलज्जजियत्वर १३ ॥ अथ हयशालावर्णन ॥
दिनदुलह दुलहानृपति, यशाजाहिरदशदिश । होतरहतहयशा-
लजिहिं, संगीतकअहनिश ॥ निस्ससरिगम धसस्ससरिगम प-
स्ससरिगम । गस्सस्सरिगम मस्सस्सरिगम रस्सस्सरिगम ॥ तत्त
थ्थइपुनि तत्तथ्थइपुनि तत्तथ्थइतिन । अस्सस्सकज नृपरसस्सबल
सिलस्सस्सदिन १४ ॥ राजकुमारवर्णन दोहाछन्द ॥ भावत मनरा-
वत कुँवर, उपजावत आनन्द ॥ तीनिहुँमनु त्रिभुवन तिलक, उपमा
अखिल अमन्द १५ कलित केसरी केसरी, सोहत सत्रुपम शेष ॥
हिम्मत हिय किम्मतकरन, सकुचत सुकविअशेष १६ ॥ सोरठाछन्द ॥
कुँवरकनीयरसाल, राजत अति रघुनाथहरि ॥ तीनहुँगुणगणमाल,
चितचीनहु सब सुजनर ॥ १७ ॥

इति श्रीपिपलोदपलनाधिपराजरावतजीश्रीदुलहसिंहजीविशापितरत्नपुरस्थकवि
टीकारामात्मजगोविन्दरामविरचितेश्रीवरविलासंग्रन्थावतरणिका
वर्णनंनामप्रथमोल्लासः ॥ १ ॥

तद्धर्मनादिकावतारे ॥ अष्टाभिर्दशभिर्वापि नान्दीद्वादशाभिःपदैः ।
आशीर्नमस्क्रियावस्तुनिर्देशोवापितन्मुखम् ॥ इति नान्दीमङ्गलवचनं
दोहाछन्द ॥ रावत नरपति हुकुमगहि, धिय धरि अमित हुलास ॥ टी-
कमसुत गोविन्दद्विज, श्रीवरवदताबिलास १ ॥ मनोहरछन्द ॥ मङ्गल
निधान कलिकिल्विषहरनहार, पावन पदार्थनको पावनप्रकाम है ।
नान्दीसत्वर परनपद प्रापतिको प्रास्थितजे, मनुज मुमुक्षु ताहवर्ष
अभिराम है ॥ कविनरबैन बिसरामधाम एकवही, सज्जनको जीवन
जरूर वसुयाम है । धर्मबृक्ष बीजहोहु सकल विभूतिप्रद, रावरसदेव
गुणग्राम रामनाम है २ कमला कुन्दनपत्र रचना वे चित्ररची ,पकरी

की मुद्रामञ्जु अङ्कित हृदय है । देवसर्वजगदीश मधूवधूबक्रकञ्ज, मुद्रित करनहेतु इन्दुसों उदयहै ॥ क्रीड़ाकाज कियो क्रोडकलित कलेवरहै, द्वैजचन्द जैसी श्वेतदंष्ट्र समुदयहै । तापैदिपै भूमिकढ़ी प्रलय पयोधि मुस्ता,थ मसालसत ऐसोराम सोसुदयहै ३ शैवशिव धारे ब्रह्म बदत वेदान्तवारे, बौद्धमतवारे बुद्ध बुद्धि में विचारे हैं । कर्त्ताकहैं नैयायिक जैनी आर्हन्तरटैं, मीमांसक कर्म एक ईश्वर उचारे हैं ॥ गावत गोविन्दहोहु वाञ्छितफलद प्रभु, रैन दिन रावरे सुधारे काज सारे हैं । वह है त्रिलोकीनाथ सीतानाथ रघुनाथ, न्यारे न्यारे लोक न्यारे रूपते निहारे हैं ४ राम वह रावणारि दशरथसूनु लसैं, लक्ष्मण अङ्गजात सुगुन समेत है । पूज्यपृष्ठ पूर्णअब्धि अन्त लौंप्रतापजासु, सकल सुहाग सिद्धि विद्याको निकेतहै ॥ आनँदको कन्द कलि किल्विष पटलध्वंसि, सौम्यदेव सेवातम सर्वको संकेतहै । त्रिभुवन शरण अशरणको शरण सदा, नित्यनिकलङ्कताहि प्रणवौं सहेत है ५ अवधपुरी को भूप दशरथ होतभयो, सूर्यवंश केतुशूर शत्रुन सँहारी है । बली वीर बिक्रमी करीही पुत्रइष्टि ताने, नारायण तबै तासु आश निरधारी है ॥ दुष्ट दैत्य कष्टभूरि भारभयो भूतलपै, तिनके सँहारहेतु चार मूर्त्तिधारी है । जेष्ठ श्रेष्ठ राम लषण भरतरु शत्रुहन, चारों भ्रात मात तात आयसानुसारी है ६ असुरन भूरि भयभीत मुनि बिश्वामित्र, अवध अधीश अङ्गजात युग याचेहैं । औनिप यशस्वी निज चित्तमें दुचित्तहोय, दीन्हे सुत दोय राम लक्ष्मण राचे हैं ॥ सुन्दासुर सुन्दरी प्रहारी ताटकाभिधान, कौशिकहुजानी नृप बालशूर सांचे हैं । बिद्याहद्य दीनीसद्य अति अनवद्यतदा, काढ़िगे समस्त जे मनोरथमन कांचे हैं ७॥ मत्तगजेन्द्रछन्द ॥

कौशिकनन्दन आश्रम आप कियो मखतूरन आप अवे हैं धूम

निहारत आसुर ओघ सुबाहु मारीचिसमेत सबै हैं ॥ श्रीरघुनन्दन कन्द कियो क्षण छांड़ि मरीचि सुजान जबै हैं। कारजलैन कछूक रयो जिहिते तिहिको तजिदीन तबै हैं ८ ॥ मनोहरछन्द ॥ सीताको स्वयंबर सुनत श्रौन कियोगौन, मारगमें शिलारूप अहल्या उधारीहै। जनकपुरी में जाय सबै सतकार पाय, महत महीपनमें पाये शोभ भारीहै ॥ गावत गोविन्दलखि कोशलकिशोर छबि, चित्रसे भये हैं यत्र तत्र नर नारीहैं। इन्दहै कि इन्दुहै कि दिपत दिनेन्द्र किधौं, दशरथनन्द रामचन्द्र बलिहारी है ९ ॥ दोहाछन्द ॥ निरखत निमि नृपनन्दनी, उर उमँग्यो आनन्द ॥ निज मनमधि संकलप कछु, करनलगी स्वच्छन्द १० ॥ चन्द्रायणाछन्द ॥ कच्छप पीठ कठोर यहै शिवचाप है। कोमल मूरति श्रीरघुनन्दन आप है ॥ इनते होय अधिज्य कौन यह बात है। परहां। प्रणदारुण अति कीन अहह तुम तातहै ११ ॥ मनोहरछन्द ॥ लक्षमणलाय लक्षमणते कहत राम, पेखहु पृथीप पुञ्ज पुञ्ज प्रकटान हैं। जम्बूद्वीप आदि द्वीप द्वीप के महीप आये, कन्या अरु कीर्त्तिलाभ मानत महानहै ॥ बङ्कितकियोकाहु टङ्कित महेशचाप, नामितकियो न कियो उत्थापितथानहै। चढ़ी नाकबान कछु कढ़ीना जबानमुख, मेरे जान बीरताविहीन भो जहान है १२ ॥ दोहाछन्द ॥ किय अनन्द रघुनन्दहिय, निज भुज बल बरणन्त॥सौंढ़ी बचन प्रत्यक्षपढ़ि, लच्छ लच्छ हुलसन्त १३ ॥ षट्पदछन्द ॥ बहुत कहनमें कहा, नाथ सच बचन उचारत। दास राबरो खास, लक्षमणहिय यह धारत ॥ गिनौं न गिरिवर मेरु, प्रभुत्व धनुकीका गिनती। अतिशय जीर्ण पिनाक, करौं प्रभुते यह बिनती ॥ सुहिंहोय हुकम मम लखहु बल, कौन कौन कौतुक करौं धाकिधरौं मारौं मूल जिमि, गहि शतयोजन अनुसरौं १४ ॥

सोरठाछन्द ॥ सुबचनसुनि श्रीराम, नीति निलय निज अनुजके॥ रघुकुलमणि गुणग्राम, किय निषेध हगसैनकरि ॥ १५ ॥

इति श्रीपिपलोदपत्तनाधिपावरावलजीश्रीदुलहसिंहजीविज्ञापितकविटीका-
रामाङ्गजगोविन्दरामविरचितेश्रीवरविलासेश्रीरामलक्ष्मणसंवादो
नामद्वितीयोल्लासः॥ २ ॥

दोहाछन्द ॥ लाग्यो रावण पुरोहित, बतरावन निमिनाथ ॥ निपति दुहिता रावरी, चितचाहत दशमाथ १ ॥मनोहरछन्द॥ देनी है अवश्य मयदुहिता कहूं न कहूं, लेनी चहै लङ्काधीश चितमें विचारिये । जाके गुणगावें महामुनि मरिच्यादि प्राच्य, धरनीकी रेणुते विशेष धियधारिये ॥ परमप्रचण्ड दोरदण्डन प्रतापनते, त्रिभुवन लोक लोक मच्छरनिहारिये । ऐसे अवलम्ब आहि कीजिये विलम्ब नाहिं, अद्य अविलम्ब आप कारज सुधारिये २ ॥ चन्द्रायणाछन्द ॥ असुर पुरोहित पठत राम प्रति बैनहै । धियधारी लङ्काधिराज सिय लैनहै ॥ चितचाहत जो श्रेय निजेच्छा छण्डिये । परहां । त्रिभुवन विजयी संग बैर नहिं मण्डिये ३ बदत बचन बैदेह पुरोहित पेखिये। यह माहेश्वर धनुष दृष्टिदे देखिये ॥ करिहै याहि अधिज्य सुता सो पायहै । परहां । अपर सबै क्षितिनाथ आय जिमि जायहै ४ पढ़त पुरोहित सुनो जनक महराजजू । अवलोकत भुज बीस कितक यह काजजू ॥ क्षणमधि चूरण करत धरत नहिं धीरहै । परहां । निज गुरु शिवधनु हेरि सुबिकल शरीरहै ५ बिहँसि बदत मिथिलेश पुरोहित जू रहो । शम्भु बास कैलास लियोकर किमि कहो ॥ गृह उखेरतो बेर कियो अविवेक है । परहां । अब भय क्यों गुरुभाव गही धनुऐकहै ६ ॥ दोहाछन्द ॥ जिमि लीनो कैलास करि, तिमि धनु कीजै सज्य ॥ नातर निलय सिधाइये, उर आशय संत्यज्य ७

कहा, समझि परत नाहिं सार ८ ॥ चन्द्रायणाछन्द ॥ क्षुद्र सकल क्षिति-पाल सुअखिल असक्त है ॥ अष्टयाम दशग्रीव ईश अनुरक्त है ॥ धनुषारोपण शुल्क सुलक जाहिर कियो। परहां। कसहू है सिय हाय कहत नृप भरि हियो ९ ॥ श्रीवैदेहीवाक्यं ॥ कोमल मूरति कोशलराज किशोर है। शम्भु शरासन कमठ सुपृष्ठ कठोर है ॥ केहि विधि होय अधिज्य असम्भव बात है। परहां। अति दारुण प्रण कियो अहहु तुम तात है १० ॥ दोहाछन्द ॥ बैदेही बर बचन सुनि, नीर भरे नृप नैन ॥ तबै पुरोहित क्षोभ करि, कहन लग्यो कछु बैन ११ ॥ मत्तगजेन्द्रछन्द ॥ संयुत शम्भु शिवागणनायक स्कन्द ननन्दि गिरिन्द्रउठायो। विक्रम बेश पराक्रम पुञ्ज दशाननको क्षितिछोरन छायो ॥ भूप बिदेह बिचार करौ हिय चाप चढ़ावन वाहि बतायो। आवत मोहिं अचम्भ महा इहिमें तुमका पुरुषारथ पायो १२ ॥ कविरुवाच ॥ दोहाछन्द ॥ उपरोहित आक्षेपकरि, उरउमंग अधिकाय ॥ जनक सुनावत सब नृपन, तब निज भुजाउठाय १३ ॥ जनकउवाच ॥ चन्द्रायणाछन्द ॥ शम्भुशरासन मध्य महागुरुतागई। बीस भुजनकी शक्ति जहां कुण्ठितभई ॥ ऐसेको इत आहि याहि सज्जितकरे। परहां। त्रिभुवन बिजय बिभूति सीय ताको बरै १४ ॥ कविरुवाच ॥ सोरठाछन्द ॥ सुनि बिदेह नृपबोल, श्रीरघुनन्दन उमँगिउर ॥ लखत सुलोचन लोल, जटाजूट ग्रन्थीदई ॥ १५ ॥

इति श्रीपिपलोदपत्तनाधिपालरावतजोश्रीदुलहसिंहजीविज्ञापितरत्नपुरस्थकवि श्रीकाशीरामाङ्गजगोविन्द्रामविरचितेश्रीवरविलासेपुरोहित विदेहसंवादोनामतृतीयोल्लासः ॥ ३ ॥

तदुक्तंवसन्तराजे ॥ चक्षुर्नामंमृगदृशोजयकारिभूशंलवरा तदेवपुरुष स्यारात्स्फुरितंभयशांसनमिति १ ॥ कविरुवाच ॥ घनाक्षरीछन्द ॥ पुलकित परमम्मेग सहित मुखारविन्द, सियाके कपोल में बिलोकत

हैं बारबार। कोधाप कदम्बन में होयरह्यो कोलाहल, तिनके प्रपञ्च बोल श्रवणनि धारधार ॥ पञ्चानन तुल्य आप पञ्चानन बैनसुनि, मञ्चते उतारि पञ्चानन को धनुनिहार। आनँद अखूट जोर जटाजूट ग्रन्थिदई, लोगनकी लूटिलई शोभा शुचि सारसार १॥ दोहाछन्द ॥ बामदेव कोदण्ड दृढ़, जब करलीन्हो राम ॥ जामदग्नि जनकात्मजा, तब फरके हगबाम २ करनलागे धनुसज्ज तब, भ्राता लक्ष्मण त्रास ॥ उरगी अहि कमठादिको, देनलगे बिश्वास ३ ॥ रोलाछन्द ॥ थिराहूजिये थिराधराधारिये भुजंगम । महि अहिधारहु कमठ राम कर शिवधनु संगम ॥ दिक्कुञ्जर दृढ़होय त्रितय धारहु इहि अवसर। सज्ज करत हरचाप आप रघुबंश बिभाकर ४ ॥ पट्पदछन्द ॥ भूमी भई बिनम्र, नम्र फणिपति फणमण्डल। भयो मेचाकित भूरि, बुद्धि बिपति आखण्डल ॥ किलमिलात किलकमठ, क्षोभ पायो बरुणालय। दिग्गज दिशिभट सहित, भये कायर करुणालय ॥ बहु बार बार बृंहितकरत, धराधार धूजनलगे। जब सज्ज कियो शिवधनुष, तब इमि लक्ष्मण कूजन लगे ५ ॥ मनोहरछन्द ॥ इतमैं उठायो धनु तितै बिश्वामित्र तनु, पुलकि उठ्यो है अङ्ग अङ्ग प्रेम पाथ है। इतमैं लचायो रघुनन्दन महेशचाप, तितैन में देश देश भूपनके माथ है ॥ इतमें भ्रमायो भूरि कोशलकिशोर यह, संशय गँवायो तितै निमिपुरनाथ है। कारमुक खैंचतमें खैंच्यो मन मैथिली को, जामदग्नि मान औ कमान भञ्जनसाथ है ६ ॥ पट्पदछन्द ॥ जब जारोपण किये कर्णलौं खैंचतशङ्कर। तबै त्रिपुर तिय त्रास भीमभासंत भयङ्कर ॥ कर्णोत्पल ग्रन्थी जुतिनौंकी भ्रष्ट होत है। सदा लगाये रहत सुनत निज श्रोत्रश्रोतहै ॥ जब जा उतारि त्रिपुरारि तित आस्फालन धनु अनुसरैं तब ह्वै निराश निशिचरबधू आस्फोटन

कहूनकरैं ७ ॥ दोहा ॥ उग्रदेव अतुप्रधनु, उत्थापनते काम ॥ किहि
कारण भञ्जन कियो, गुणगाहक श्रीराम ८ ॥ मनोहरछन्द ॥ ब्रह्मह
पातक समेत मन्मथारि अरु, मात्रवध्कारि क्षत्रियारि जियजानिकै ॥
इन द्वैके संगरयो दोष संसरगलयो, अपर अनेक अघखानि उर
आनिकै ॥ गावत गोविंद गिरा सकल सुजानहुनो, महत महेश
धनु यह मनमानिकै । पापनकी भई हान ताते ताने तजे प्रान,
राम पाणिपद्म पुण्य तीरथ पिछानिकै ९ टूटतहि भीमधनु कीन्हों
है कठोरनाद, विस्मय भयो है ठौरठौर ठामठामहै । रविवर वाजि
राजि ऊतट गमन कियो, शम्भुशिरकम्प छुट्यो धौलधाम है ॥
दिग्गज गिरन तथा चलन कुलाद्रिनको, अर्णव मिलन सबऊधम
तमामहै । मैथिलीमदन मदमन्थन कदन क्रोध, आसुर अदन गुण
सदनाभिरामहै १० जयाके बरिष्ठनर अष्टहू श्रवणरुके, अष्टमूर्त्ति मूर्त्ति
अष्ट कष्टभयो भारी है । मुखरित अष्ट दिशा दलन कुलाद्रि अष्ट, अष्ट
कुली नागपांति बधिर निहारीहै ॥ लक्ष्मण भ्रात अतिस्वच्छ मन
लक्षताय, गोविंद प्रत्यक्ष दक्ष वदें धर्मधारी है । तोर दोरदण्ड जोर
चण्डिकेशको प्रचण्ड, खण्डनकोदण्ड नाद चण्डता प्रचारीहै ११
टूटतधनुष महि मच्यो महाकोलाहल, निठुर निनाद लोक लो
कनमें छायो है । श्रोणसुनि शब्दके अमर्षवश मूर्छितहू, अति
अविलम्ब ध्यान अवंधकि धायो है ॥ जानकी निमित्तजान जान
की रखी न मान, भञ्जि भवचाप आप वीरपद पायो है । क्रूर क्रोध
अग्निप्रलै अग्नि सो निमग्न उर, निष्ठुरता मग्न जामदग्निमुनि
आयो है १२ मस्तक मनोहर बिराजैंटोप कङ्कपत्र, पीठिपै निषङ्ग
युग्म ख्यातखण्डखण्डहै । परमपवित्र भूति भूषितउरस्थलहै, मञ्जु
मृगचर्म मुञ्जमेखला अखण्डहै बसन मजीठाङ्ग रञ्जित ललिततनु,

करमें धनुष अरु सायक धमण्डहै। दण्ड औ कमण्डलु ले उग्रअस्त्र मण्डल ले, फरशा प्रचण्ड दण्ड चारित उद्दण्डहै १३ ॥ दोहाछन्द ॥ अक्षसूत्र वासेंकँधा, दक्षिणदिश अनुसार ॥ धर्मदीधिती सोमसम, जिमि अहि चन्दनडार १४ ॥ मनोहरछन्द ॥ जबते जनमलियो तबहीं ते ब्रह्मचर्य, शिलास्तम्भ जैसे भुजदण्ड भासमानहै। अङ्कित ज्याघात पंक्ति सूचन करत यहै, वसुमति विजय प्रशस्ति कहानहै ॥ वक्षस्थल प्रबल घनास्त्र शस्त्रघात किए, कठिनकठोर पै लुघारे धारवानहै। क्षत्रिय बन वारन विदारन करनहार, आयो जमदग्नि जायो जानत जहान है १५ मुदित समुद्र सस पुनि भति गलकहौ, अर्जुन सहस्रभुज दुष्ट दर्पदाख्यो है ॥ रेवातीर नीर के निरोधको करनहार, दोरदण्ड कुण्ड खण्ड खण्डन उचाख्योहै। गावत गोविन्द ऐसे लक्ष्मण कहत राम, पितृबध पेखत अमर्ष उदगाख्यो है। वही जामदग्नि यह जाने गुरुद्रोही जान, कठिन कुठारते कठोर कण्ठकाख्यो है १६ त्रिगुणित सातबेर क्षत्रिय समस्त केर, चला मांस रुधिर सनान बहुबारहै। निधन विधान बीच परम प्रधान यह, तीय वृद्ध बाल नाहिं निर्दय निहारहै ॥ राजनके कन्धकूट कोटि कोटि काटनमें, साठौं घरी आठौं पैर परम प्रचारहै। बारबार बहत अग्रांक धिर धारधार, क्षत्रि क्षयकार घोरधार ये कुठारहै ॥ १७ ॥

इति श्रीपिपलोदपत्तनाधिपरावतजीश्रीदुलहसिंहजीविज्ञापितरतलपुरस्थकविदीका रामात्मजगोविन्दरामविरचितेश्रीरघुविलासेपरशुरामागमनंनामचतुर्थोल्लासः ॥ ४ ॥

सोरठाछन्द ॥ कहत क्रोध करि बैन, परशुराम संशय सहित ॥ तोसो धनुष त्रिनैन, काल कलेवा कौन कहु १ ॥ छप्पयछन्द ॥ निज पति आयुध जानि, पार्वती पूजत जिहिं नित। बासुकि कञ्चु कलाइ, नन्दि सादर आच्छादित ॥ धनुधनञ्जय तुल्य, त्रिपुरतामधि हुव इन्धन मोर्हि अक्षत देहूक, करे क नेक हियेजन जब काहू न

उत्तरदियो तब, उर अमर्ष अतिशयपगो। फुरकन्त ओठपुट रक्त नृप, रामहिंसन इणरनलगे २॥ मत्तगयेन्द्रछन्द॥ फुल्लित गल्ल करौं फुन-कार प्रफुल्लित सापुट कोटर आयो। श्रोत्र अहंकृति पावकपुञ्ज हलाहल धूमतितें प्रकटायो॥ अन्धसमान किये सबलोकन अम्बर लौं क्षितिछोरन छायो। लोयनलाल करालकिये ततकाल महा-बिकराल लखायो ३॥ मनोहरछन्द॥ रे रे रे अरे रे राम तेरे ये समग्र काम, निजकुलकञ्जपै तुषार तोमतैसोहै। मोहिं पहिंचान्यो नाहिं न्हु डर आन्यो नाहिं, जान्यो ना जरूर जामदग्निमुनि जैसो है॥ कीनो है अकाराडमैं प्रचराड दोरदराड बल, खराडनको दराडकारि खराडमान कैसो है। आडम्बर डिम्भते विख्यातभयो खराड खराड, नराडल महीप में उदराड मराड ऐसो है ४॥ चन्द्रायणाछन्द॥ निखिल नरेन्द्रनिकाय कुमुदाजिमि जानिये। तिनको मुद्रितकरन मिहिर मुहिं मानिये॥ कार्तवीर्यप्रति कहे यथा मम बोलहैं। परहां। सो सुनिलीजै राम श्र-वण युग खोलहैं ५॥ दोहाछन्द॥ सहसबाहु नृपसैन्यसह, हौंडिसराहु द्विजएक॥ प्रकटप्रभाकर पेखिहैं, तबमम संगरटेक ६ यथाकही तैसी करी, कार्तवीर्य के साथ॥ सो जानत सारेजगत, ममाविक्रम रघुनाथ ७॥ मनोहरछन्द॥ कठिनस्वभाव मेरो जाहिर जगत बीच, बालवृद्ध तरुण तमाम तूर्ण मारे हैं। छाँड्यो नाहिं छौना नवसू-तिका बिछौनाबीच, तिनके रुधिर सबपितृकाज सारे हैं॥ सत्रय बेर क्षुद्र क्षत्रिय त्रियनकेर, गर्भथित अर्भन निकारि काटिडारे हैं। अहो अहो अहो महा आचरज आवत है, कहो कहो कहो राम तुम क्यों बिसारे हैं ८ कालसा कराल क्रूर कठिन कुठार यह, कार्तवीर्य कराठ भुज छेदनमें दक्ष है। घर्षण केयूर मध्य मणिगण लणत्कार, घोर शोर सुनैं शत्रु त्रसित तनक्षहै तेजकारि तुल्य दैपै द्ध दरा

दिवाकर सों, क्षत्रीगोत्र काज भलै पावक प्रत्यक्षहै। लक्षमण ताय लख लक्षमण अप्रज्ञात, लक्ष लक्ष लक्ष वन्ध भक्षण बिचक्ष है ६॥ षट्पदछन्द॥ सुनि सुनि बचन मुनीश, राम निज चेतसि गुनि गुनि। पुनि पुनि नयननिहारि, बैनबोले हिय गुनि गुनि॥ भुज- बल बिदित न मोहिं, नाहिं शिवधनु प्रतापबल। रावर महिमा महा, कहा हौं जानिसकौं भल॥ करिये न क्रोध नाहक बिभो, धरिये धीरज धूर्वाधिय। अज्ञात बालआचरण लखि, है प्रमुदित गुरुलोग जिय १०॥ दोहाछन्द॥ करकुठार यह कण्ठमम, करहु यथोचित सोय॥ रघुबंशिन को शूरपन, गो द्विजपै नाहिं होय ११॥ मनोहरछन्द॥ लीजै मुनि बिप्रवर्य हमको तिहारे संग, संगरकी बातहु कियेते होत पापहै। सारहीनबल हम तुम बलवाननके, शीशपै लसत यथा पत्रनपै छापहै॥ कैसे करिसकै कहौ रावरी बराबरी जु, भुजते भये हैं भूप ब्रह्ममुख जापहै। एकगुण संयुत धनुप धराधीशनको, नवगुणयुक्त ब्रह्मसूत्र लसै आपहै १२ चित्र भानुबंशजन्म क्षत्रिय कहावतहौं, श्रोत्रिय समस्त इभ्य अर्चन करतहौं। भगवत बिश्वामित्र महत अनुग्रहते, प्राप्त दिव्य अस्त्र पारधिय मैं धरतहौं॥ कोऊजन करौ यश अथवा कुयश करौ, हर्ष शोक नेक नाहिं रसना ररतहौं। धारतहौं शस्त्र शत्रु सवन सँहार काज, कालते डरौं न बिप्रबालते डरतहौं १३॥ दोहाछन्द॥ परशु- राम रघुराम मुख, निकसे सुनि बरबोल॥ तिनको कियो न तोल कछु, उचरनलगे अतोल १४ बिप्र बिप्रकहि बदत मुहिं, रेशठ बारम्बार। जातिबिधिको मैं बिप्रहौं, सो सुनिलीजै सार १५॥ घनाक्षरीछन्द॥ क्रोधकरि जाने निज जननी प्रहारी पेख, क्षत्रिय बिहीन मही कीनी इकबीसबार क्षत्र अश्वमध्या सब स्वादमें

अभिज्ञ अति. कुलिश कठोर घोर कठिन कुठारधार॥ जाको बाण छिद्रमग भासै क्रौंचपर्वतमें, हंसछलगिरें अज्ञौ अस्थि अद्रिके अपार। ऐनो उग्र ओज उग्रदेव सो उदग्र अति, प्रलयअग्नि जैनो जामदग्नि भार्गवनिहार १६॥ षट्पदछन्द॥ क्षुभित निरखि भृगुनन्द, वचन रघुनन्द उचारत। त्रिभुवन तियमधि वीर, जनी जननी तव धारत॥ निज भुजबली बिशाख, निरखि मुख बीड़ापाई। असमुत है मम उदर, उमा उरइच्छाआई। अति धन्य मात अरु तात धन्य, वीर आप अति धन्यहै। तिहुँकाल त्रिलोकी बीच कहुँ, नहिं उपमा कछु अन्यहै १७॥ चन्द्रायणाछन्द॥ हारपरो गरभोर कि कठिन कुठारहै। कज्जल तिय नयनसों कि जलकीधारहै॥ सुखलखिहौं संसार कि यमको मुखलखौं। परहा। बिननपै वीरत्वपनो कबहुँ न रखौं १८॥ दोहाछन्द॥ कहे राम अभिराम अति, अक्षर अखिल अमोल॥ तदपि अभ्यसूयासहित, बोलत भृगुपति बोल १६॥ किरीटछन्द॥ सागुरगह्यो सब शंकरकेकर जीरनचाप पिनाक कहावत। टूटिरह्यो पहिले तिहिं तोरि प्रवीरनमैं नहिं बीररसावत॥ वैष्णवचाप हमारयहै करि सज्ज विकर्षण जो दरशावत। शूरसमग्रनकी गिनतीमधि तौ रघुनन्दन रामगिनावत २०॥ दोहाछन्द॥ भार्गवमुनि के बचनसुनि, भये चकितचित राम॥ इत पर्वत उत कूपहै, मिलत न कित विश्राम २१ धनुषाकर्षन करनमैं, विप्रधर्षणाहोय॥ जो न करौं यह बाततौ, मिलत पराभवमोय २२॥ षट्पदछन्द॥ अद्य प्रभृति समभाव, विप्र नहिं परशुराम है। पुत्र पौत्र रघुबंश, भूप नहिं यहै रामहै॥ वीर कहो अथवा, कुवीर कहियो समग्रजन। अब अवश्य यह बात, धारिलीनी मेरे मन॥ सब सुजन कुजन मिलि भल कहौ, किंवा करिलि जै हँसी द्विजदृष्टप्रबल मददमन, हित पीताम्बर कम्मर

कसी २२ इमिकरि मनसि विचार, चारु रघुवंश बिभूषण पुन
रपि प्रवचन पठत, शान्तिमय विरहित दूषण ॥ अर्णरमित भूमात्र,
जीति इक्कीसबेर यह । गहिगहि पुनिपुनि दियो, नाहिं रवि-
लियो आपवह ॥ हौं डिम्भ बहुरि नव बाहुबल, घोरमहा अति बीर
वृत । विरमिये क्रोध ह्वै मुदित, जाति पूज्य भगवन्तकृत २४ ॥
चन्द्रायणाछन्द ॥ करत नाहिं द्वैबार बाणसंधानहै । आश्रितको द्वै
बार देत नाहिं थानहै ॥ अर्थिनको द्वैबेर न अर्पत दानहै । परहां ।
भाषत नहिं द्वैबेर राम अभिधान है २५ राम लियो वह धनुष
सहेल सुजानहै । गुण योजन करि बाण आकर्षण ठानहै ॥ छवि
मकरध्वज मध्य नमासत भेदहै । परहां । किय भार्गव मुनि स्वर्ग-
गती उच्छेदहै २६ रामबाण संधान निरर्थक नहिं कदा । मुनि
प्रति किये प्रहार ब्रह्मबध ह्वै तदा ॥ किये भूमि पर पतन भूत पीड़ा
यदा । परहां । छेद्यो मुनिको मरण अमर कीनो सदा २७ चापा-
कर्षण ताटकारि आकर्ण है । लखतसीय सासूप नैन आकर्ण है ॥
पहिले भवधनुभाजि राम मोकोलई । परहां । अबै कन्यका अन्य
लैन इच्छाठई २८ ॥ दोहाछन्द ॥ इहिबिधि साशंकित भई, करि कु-
तर्क कमनीय ॥ पुनिपुनि सिय पेखनलगी, रामरूप रमनीय २९
अब उदन्त सुनिलीजिये, परशुराम मुनिकेर ॥ गये गर्वके टेरसब,
रहे रामतनहेर ३० ॥ षट्पदछन्द ॥ कार्त्तवीर्य भुजदण्ड, सहस उच्छे-
दन पण्डित । जामदग्नि युधवीर, उरसिउद्दण्ड अखण्डित ॥ लखत
राम अतिउग्र, बिशिख करधर उहिंअवसर । अविनयगयो बिलाप,
हीय हुलसाय विनयचर ॥ ब्राह्मण्यदैत्य प्रणईभयो, पिशुनभाव
भार्गव भग्यो । श्रीरामचन्द्र अभिनन्दितब, अमलतवन उचरन
लग्यो ३१ अहो रामगुणग्राम, धर्मध्रुवधाम धुरंधर दिनम णिकुल

कल कलश, मधुरपुहबीश पुरंदर ॥ जो न आप अवतार, अमल निरमल महिहोतो। तौ अवलम्बन अवनि, अवनि अधिपन नहिं हो तो ॥ त्रैलोक्य ताप त्रासक तरल, निजनर मुद मंगलकरण। अपराध ओघ क्षमियो विभो, सकल लोक अशरण शरण ३२ ॥ दोहाछन्द ॥ तब सुनि भृगुपति वरवचन, वदत वचन रघुनन्द। जामदग्निमुनि चरणयुग, करि अभिवन्दन वृन्द ३३॥ मनोहरछन्द ॥ जाये जमदग्नि पुनि पायेहो पिनाकी गुरु, वीरज विधानना वखानत वनन्तहै। कर्मकरि मारेहु जहानबीच जाहिरहौ, धरमधुरैया धीर महिमा मनन्तहै ॥ मुद्रित समुद्रसप्त सप्तद्वीपवती मही, दीनिहै त्रिसप्तबेर भूसुर मनन्तहै। सत्यनिधे ब्रह्मनिधे तपोनिधे भगवन्त आप लोक लोकोत्तर उपमा अनन्तहै ३४ ॥ चन्द्रायणाछन्द ॥ जानि आप अवतार भये रघुनाथहै। परम प्रेममिलि गाढ़ नयनयुग पाथ है ॥ अर्प्यो तेज महरर क्षत्रिनभ छंडिया। परहां। उत्तर दिशि कियगवन तपसिमन मंडिया ३५ ॥ षट्पदछन्द ॥ बहुविधि बाजन बजत, मनहुँ घन गरजत मधुधुनि। गावत मङ्गलगीत, सुवासिनि चेतसि चुनि चुनि ॥ विरदावली बदन्ति, वृन्द वृन्दन बन्दीजन। वेद मन्त्र वर विप्र, उचारत अखिल मुदितमन ॥ श्रीराम सीय पाणिग्रहण, निरखत मुनि नर सुर असुर। आनन्द ओघ वर्त्ततभयो, उहि अवसर सब जनकपुर ३६ ॥ दोहाछन्द ॥ दूलह दुलहिनि दिपत दुहुँ, रति रतिपती समान। मञ्जुमुहूरत जनकनृप, दीनों दुहिता दान ३७ ॥ हरिगीतकछन्द ॥ श्रीरामश्याम सुकाम अतिअभिराम पीतम पीयके। पाये परसिकर सकल सुखनिधि हीयहरषत सीयके ॥ आनन्द सतचितरूप भासत योगनिद्रगता यथा। कन्दर्प के बड़ दर्पके शर भिन्न भ जत हैं तथा ३८ वाल्मीकि गौतम कुशिक·

कसी २२ इमिकरि मनसि विचार, चारु रघुवंश विभूषण पुन-रपि प्रवचन पठत, शान्तिमय विगहित दूषण ।, अर्णवमित भूमत्र, जीति इक्कीसबेर यह । गहिगहि पुनिपुनि दियो, नाहिं रखि-लियो आपवह ॥ हौं डिम्भ बहुरि नव बाहुबल, घोरसहा अति वीर धृत । बिरमिये क्रोध हूजै मुदित, जाति पूज्य भगवन्तकृत २४ ॥ चन्द्रायणछन्द ॥ करत नाहिं द्वैबार बाणसंधानहै । आश्रितको द्वै बार देत नहिं थानहै ॥ अर्थिनको द्वैबार न अर्पत दानहै । परहां । भापत नहिं द्वैबेर राम अभिमान है २५ राम लियो वह धनुष सहेल सुजानहै । गुण योजन करि बाण अकर्षण ठानहै ॥ छवि मकरध्वज मध्य नभासत भेदहै । परहां । किय भार्गव मुनि स्वर्ग-गती उच्छेदहै २६ रामबाण संधान निरर्थक नहिं कदा । मुनि प्रति किये प्रहार ब्रह्मवध है तदा ॥ किये भूमि पर पतन भूत पीड़ा यदा । परहां । छेद्यो मुनिको मरण अमर कीनो सदा २७ चापा-कर्षण ताटकारि आकर्ण है । लखतसीय सारूप नैन आकर्ण है ॥ पहिले भवधनुभांजि राम मोकोलई । परहां । अबै कन्यका अन्य लैन इच्छाठई २८ ॥ दोहाछन्द ॥ इहिविधि साशंकित भई, करि कु-तर्क कमनीय ॥ पुनिपुनि सिय पेखनलगी, रामरूप रमनीय २९ अब उदन्त सुनिलीजिये, परशुराम मुनिकेर ॥ गये गर्वके टेरसब, रहे रामतनहेर ३० ॥ षट्पदछन्द ॥ कार्त्तवीर्य भुजदण्ड, सहस उच्छे-दन पण्डित । जामदग्नि युधवीर,उरसिउद्दण्ड अखण्डित ॥ लखत राम अतिउग्र, बिशिख करधर उहिंअवसर । अविनयगयो बिलाय, हीय हुलसाय बिनयवर ॥ ब्राह्मण्यदैत्य प्रणईभयो, पिशुनभाव भार्गव भग्यो । श्रीरामचन्द्र अभिनन्दतब, अमलतबन उच्चरन लग्यो ३१ अहो रामगुणग्राम, धर्मधुरधाम धुरंधर दिनमणिकुल

कल कलश, मञ्जुरघुबीश पुरंदर ॥ जो न आप अवतार, अमल निरमल महिहोतो। तौ अवलम्बन अवनि, अवनि अधिपन नहिं होतो॥ त्रैलोक्यताप त्रासक तरल, निजनर मुद मंगलकरण। अपराध ओघ क्षमियो विभो, सकल लोक अशरण शरण २२ ॥ दोहाछन्द ॥ तब सुनि भृगुपति मरतवन, बदत बचन रघुनन्द। जामदग्निमुनि चरणयुग, करि अभिवन्दनवृन्द २३॥ मनोहरछन्द ॥ जाये जमदग्नि पुनि पायेहौ पिनाकी गुरु, बीरज विभाननि बखानत अनन्तहै। कर्मकरि सारेहू जहानबीच जाहिरहौ, परमधैर्या धीर महिमा अनन्तहै ॥ मुद्रित समुद्रसत सप्तद्वीपवती मही, दीनिहै त्रिसत्तबेर भूसुर मनन्तहै। सत्यनिधे ब्रह्मनिधे तपोनिधे भगवन्त आप लोक लोकोत्तर उपमा अनन्तहै २४ ॥ चन्द्रायणछन्द ॥ जानि आप अवतार भये रघुनाथहैं। परम प्रेममिलि गाढ़ नयनयुग पाथ हैं॥ अर्प्यो तेज महान क्षत्रिवध छंडिया। परहां। उत्तर दिशि कियगवन तपसिमन मंडिया २५ ॥ पद्धरछन्द ॥ बहुविधि बाजन बजत, मनहुँ घन गरजत मधुधुनि। गावत मङ्गलगीत, सुवासिनि चेतसि चुनि चुनि ॥ बिरदावली बदन्ति, बृन्द बृन्दन बन्दीजन । बेद मन्त्र बर बिप्र, उचारत अखिल मुदितमन ॥ श्रीराम सीय पाणिग्रहण, निरखत मुनि नर सुर असुर। आनन्द ओघ वर्त्ततभयो, उहि अवसर सब जनकपुर २६ ॥ दोहाछन्द ॥ दूलह दुलहिनि दिपत दुहुँ, रति रतिपती समान। मञ्जुमुहूर्त जनकनृप, दीनों दुहिता दान २७ ॥ हरिगीतकछन्द ॥ श्रीरामश्याम सुकाम अतिअभिराम पीतम पीयके। पाये परसिकर सकल सुखनिधि हीयहरषत सीयके ॥ आनन्द सतचितरूप भासत योगनिद्रगता यथा। कन्दर्प के बहु दर्पके शर भिन्न भ्र जत हैं तथा २८ बाल्मीकि गौतम कुशिक-

नन्दन जामदग्नि वशिष्ठहै। ये व्याह बिबिध विधान बिरच्यो शता-
नन्द बिशिष्ठहै॥ सम्पूर्णक्रिय परिपूर्ण तुरत सीय लक्ष्मण साथ
है। कीनो गमन द्रुत आगमन निजपुरी प्रति रघुनाथ है॥ २६॥

इति श्रीपिपलोदपत्तनाधिपालरावतजीश्रीदूलहसिंहजीविज्ञापितरत्नपुरस्थ
कविटीकारामाङ्गजगोविन्दरामविरचितेश्रीवरविलासेसीतास्वय-
म्बरोनामपञ्चमोल्लासः॥ ५॥

अथ श्रीहनुमन्नाटके प्रथमोंकः॥ मनोहरछन्द॥ आवत अवधपुर जा-
नकी लपणयुत, बन्दि गुरुलोक रामचन्द्र प्रेमपाये हैं। परमउछाह
छायरह्यो गेह गेहनमें, दिव्यदेह देहमें सनेह सरसाये हैं॥ पहिलो
पहरबीत्यो मित्रन मिलनमध्य, बाकी तीनयाम अतिदीर्घ दरशाये
हैं। दण्डकरि ताड़त तुरङ्गतत सीताराम, चित्र हयशालामें बिचित्र
छोहछाये हैं १॥ दोहाछन्द॥ पियताड़त हयशालहय, सियताड़त
हयचित्र। उभयभये उन्मादथित, किहिकारण कहु मित्र २॥ तस्यो-
त्तरं॥ घनाक्षरीछन्द॥ परनिपधारे प्रातही ते पुत्र पुत्रबधू, अमित उ-
छाह छायरह्यो औधमें अपार। अफताब गिरि में निहारि रवि
रूपरम्य, दम्पति हृदयभांति जाको पेखिये न पार॥ मङ्गलमनोहर
निहारन न काजआये, अर्क अश्व उनजानि कछु धुनि धारधार।
अस्ताचल ये हैं कम्ब ऐसे उरआन्यो तब, मेदुरमें मन्दुरामें तजैं
तिन्हैं बारबार ३॥ षट्पदछन्द॥ गये अस्तगिरि अर्क, उदय शशि-
धर दरसायो। रंगपक्ष नारिंग, पिंग सुन्दर सरसायो॥ गुरुजन
आयसुपाय, गईं निजमन्दिर अन्दर। सियारम्य रम्भोरु, पतिब्रत
प्रेम धुरन्धर॥ मुख मन्द मन्द मुसकन सहित, रसिकशिरोमणि
स्वामिप्रति। आनन्दकन्द रघुनन्दजित, रामकाम अभिराम अति ४
प्राचीभाग सराग, तरणि बिरहिणि बिस्तारे। नीरजालि निद्रालु,
कुमुदकुल विकसितसारे बिगत बिकार चकोर, शोक सह्द के क

लोकहै भाव काश आकाश, गमित तमनतौ लोकहै कन्दर्पदर्प अर्पित हृदय, प्रबल प्रसर्पण करिस्यो। शर्वरी स्वामि अभिराम अति, सार्वभौम समुदयभयो ५ कैरवकोरक विकसि, तरुण तरणी मनविदलत। मीलत अलि अम्भोज, मान मानिनि उन्मूलत॥ प्रसरि जुन्हाई जाल, तोमतम कवल करतअति। ऊर्ध्वबेल अम्भोधि, आकुलित कोक कुलनतति॥ दिशिविदिश सकल धवलिम धरत, हरत निखिल तनतापहै। बरबस हृदय आनन्दनिधि, उदय सुधाधर आपहै ६ कुचगिरि शिखर उतंग, हीय सीमन्तिनि सरसत। अजौं मान यह मूढ़, तितै निवसत नित दरसत॥ कुपित कलेवर अरुण, रूप रोहिणिपति आन्यो। करपसारि चहुँओर, कुमुदकुञ्ज विकसन ठान्यो॥ तितकी हुती भ्रमरावली, बाँधिपांति निकसी लसी। मनु मान प्रहारण कारने, असित असी निकस्यो शशी ७ अस्तभये दिननाथ, वेप उहिको शशिलीनो। सहितराग अनुराग, कमलिनी सपरसकीनो॥ पायशीतकरपरसि, तथा मुदित मुख ठान्यो। परतियरत निजनाथ, कुमुदिनी कामिनि मान्यो॥ परहां। सकथन कौतुक किये तब, अति लज्जित है स्यो। अरुणिमा गई सब अङ्गकी, इहिकारण पांडुभयो ८ दिक्षामुख शृंगार, मुकुर प्राचीदिशि तियको। कुमुदन कौमुद करन, चकोरन हरषन हियको॥ प्रौढ़भये शीतांशु, रोदसी वपु सरसत है। राम कहत सखि कहहु, तर्क अस कस दरसत है॥ यह किधौं पूर कपूर कन, किंवा मलयज लिप्तकिय॥ पुनि॥ किधौं पवारयो पारदनि, अथवा स्फाटिक मणि खचिय ९॥ दोहाछन्द ॥ सखीकहत करजोरि युग, सुनिये विनय हजूर। भयो सकल संसार मधि, रावर यश परिपूर १०

स्फाटिक न हिं पारद नहीं, न हिं चन्दन न कपूर श्रीरघुनन्दनरावरो,

सुयश जगत परिपूर ११ तदनन्तर निरखतभये, चुगत चकोर अँगार। तिन प्रति रघुवर उच्चरत, शोधहु सारासार १२ सुधा सुधाधर स्वादगहि, पुनि अङ्गारक प्रीति। करत अन्यथा कौन कहु, रची विधाता रीति १३ ॥ षट्पदछंद ॥ तरल तिमिर चय चमू चक्र संहार चक्र यह। चक्रबाक क्रीड़ा कृतान्त निष्क्रान्त कान्तिसह॥ कान्ता कान्त नितान्त वृत्त संयोग साच्छिरह। गगन मानसर राजहंस राजत शशाङ्कमह ॥ पुनि ॥ शुचि संभोगारम्भमधि कुम्भ कुमुद तिय मुदप्रद। गीर्वाण नाहिं नीर्वाणप्रद पञ्चबाण निश्शाणहद १४ ॥ सोरठा छन्द ॥ बदैं सारिका बैन, सहचरि रानि सुनायकै। यह सूचनकरि सैन, अवसर ठहरन कौन अब १५ निज निज गईं निकेत, सकल सहचरी समुझि जिय। शोभा सकल सँकेत, सिय सिय पिय हुलसन्त हिय ॥ १६ ॥

इति श्रीपिपलोदपत्तनाधिपालगावतजीश्रीकुलहसिंहजीविज्ञापितकविटीकारामाङ्गजगोविन्दरामविरचितेश्रीवरविलासेसहचरीगमनोनामषष्ठोल्लासः ॥ ६ ॥

हरिगीतकछन्द ॥ श्रीरामचन्द्ररु जानकी युग हृदय किय नीशाण है। जे चन्द्रमण्डल शाणतैं उत्तीर्ण रतिपति बाण है॥ ते पञ्चबाणक बाणते निकसे कसे आकर्णलौं। लागे अचानक आयकै युगवक्षथलवर वर्णलौं १ द्वाराग्रभागानि जाय प्रीतम प्रीतियुत गहिअङ्क पै। लीनी निमी नृपनन्दनी आनन्दयुत परयङ्कपै ॥ रोमाञ्चबपु अतिनम्र आनन नाहिं कछुतनु भानकी। संकोचकरि संकुचित हैगइ जानकी प्रियप्रानकी २ संसारसारो कहत स्मरशर पञ्चबानि प्रमानकी। कोशादिकनमें काव्यगणमें व्याकरण अनुमानकी॥ विख्यातहै सब ख्यातमें शरपञ्च इति अभिधानकी। भोगात मैं अगिनन्त किमि रोमाञ्चलखि कह जनकी ३ गाढ़ा

लिङ्गितहोय, स्वपिहि स्वामिनि पिय भाषत। नहिं नहिं नहिं इति वचन, जानकी आनन राखत॥ कोमल कमल समान, स्वामि वक्षस्थलराजैं। मम कुच कठिन कठोर, तुमन संशय मनछाजैं॥ पुनि॥ पवन प्रवेशन होनहित, करतहुत मैथिलि शिथिल। प्रभुप्राणनाथ प्रियप्राण सिय, किय आकर्षण बाहुबल ४ बाहुपाश अन्योन्य, ग्रहण रसभर भलभूपित। जयति युगलकिशोर, सुहृदुहु उपम अदूपित॥ अति अभिमतफल, लेत उभय सुखदेत परस्पर। गर्भसार संसार, भयो नूतनइत रसपर॥ महमञ्जुल मधुरालापकरि, हां हां हां रघुवर रटत। निमिनाथनन्दनी मेरुगिरि, ना ना ना कहिकै नटत ५ खदिरसार घनसार, युगल चूर्णन करि आवृत। नागबेलि दल विमल, बीटिका निज आननभृत॥ कह्यो ललीसों लेउ, लियो सिय चार भागकरि। धर्मादिक फल चार पदारथ तुलित धीर्यधरि॥ पुनि॥ रामचन्द्र सानन्दहुइ, मैथिलिमुख निजमिलत मुख। अतिमधुर पाइ प्रभु अधररस, पाये ब्रह्मानन्दसुख ६॥ चन्द्रायणाछन्द॥ जब कछु निद्रित नयनभये युग सीयके। तबै हृदय पर किये पानिपुट पीयके॥ चित्तस्थित प्रभुरूप विनिर्गम नाहिंचहै। परहां। यह उरआशय अमल निरुन्धितही रहै ७॥ दोहाछन्द॥ वैदेहीबर वक्षथल, यक्ष कर्दमाघ्राय। आयो अलि अवलोकि विभु, उहिंबरणत चितचाय ८॥ पद्धवछन्द॥ कान्ताकान्त नितान्त, कुचान्तर चन्दन चर्चित। मदन दहन तप शमन, हेत घनसार समर्चित॥ सिया उरस्थल मध्य, मधुप निर्मग्न भयो जिहिं। चञ्चल रहै बाहरे, करतउतप्रेक्ष पेखितिहिं। मनुभयो पञ्चशर विशिख हिय, रहे पुंख अवशिष्ट है। सो सुनत व्याज निद्रित प्रिया, श्रवण सुधासम मिष्टई ६ प्रथुल जघन घनसार, मन्द आंदोलन

आनै मृदुनवल अलिकाय, आलि अलि आभाभानै प्रक-
टितकृत भुजमूल, फुरत श्रुति कर्णपूर है स्तनलीला लालित्य,
बसत नपुपूरनूरहै ॥ जानकी व्याज निद्रा गहै, प्रमुदित मानस पीय
को। हीयको हरन हुलसन्तहै, जीवन जानहु जीयको १० लखि
नारी निद्रालु, बसन पियहरिबे लागो। काञ्चीरव सुनि काम, तत-
क्षण आवत भागो ॥ तस्कर लुकिबे लग्यो, ताहि मणि गणनि
बतायो। काम चलाये बान, चोर अतिशय सतरायो ॥ घनजघन
जानि गिरिवर गुहा, तित तूरन कीनो सदन। लखि शम्भु युगल
उर ऊपरै, ह्वै सभीत थकिगो मदन ११॥ सोरठाछन्द ॥ प्रकट पद्मिनी
प्रीति, जिमि बरणत रसग्रन्थ मधि ॥ सो कीनी सब रीति, अन्त-
र्यामी रसिकप्रिय १२ जनक जनकजामात, जगजननी जनका-
त्मजा। शुचि शृंगारकी बात, उचित नहीं बहुबरणिबो १३ तद-
नन्तर सुचरित्र, सुनि लीजै सज्जन सकल। पूरणपरम पवित्र, जब
जागी जनकात्मजा १४ ॥ षट्पदछन्द ॥ करतप्रेम करि स्पृहा, बाल
भावन करि भीती। आकुञ्चत निज अङ्ग, सुरत संगमपर प्रीती ॥
अहह नाह नहिं नहीं, व्याजसह बत्र सरसावत। मधु रसमेर कटाक्ष
आदि भावन दरशावत ॥ पुनि ॥ निधुबन घनकेलि करि म्लान
मात्र जिय भाजत है। अरु शङ्कातंकित चारु चितरमण रससमय
छाजतहै १५॥ दोहाछन्द ॥ अधर दशन सीत्कार करि, कहत युगल
करजोर। निर्विशङ्क मनहोय पिय, पिव पिव रसना मोर १६ ल-
लितशालि आलाप करि, बिलसत बाकबिलास। अविरत निमि
नृपनन्दनी, पिय हिय करतहुलास १७ रम्भा वीणानादते, मधुरस-
रस सुखबास। सुरभित सुरद्रुम सुमनसम, दरसिय वचन बिलास १८
रसिक शिरोमणि सांवरो, श्रीरघुवर रमनीय। सुनि वैदेही वचन

वर, कहत बचन कमनीय १९ ॥ षट्पदछन्द ॥ कानन गये कुरङ्ग, कुहरगिरि केहरिगयऊ। दिग्गजगये दिशान, कमल जल आश्रित भयऊ ॥ चप कटि कुच वर बदन, विनिर्जित पेखहु प्यारी। पायपराभव परम, भये अति लज्जित भारी ॥ यह रीति सदा सतपुरुषकी, मानमलान जहरहै। तव मान ततक्षण मरन मन, अथवा जावत दूर है २० ॥ चन्द्रायणछन्द ॥ जल अन्दर जपकरत कमलकुल जापकै। अच्छमाल अलि अवलि परमपटु पायकै ॥ चहत चित्त चपतोर तुल्यते हौनहैं। परहां। धारण कृत इहहेत बनज मुख मौनहै २१ ॥ सोरठाछन्द ॥ एणी श्रेणी भूर, बन बसि तृण भक्षण करत। चपसम हौंनिजरूर, मृगनयनी तपकरतते २२ अयि एणी चप ओर, अहिश्रेणी बेणीलखत। तुलित होत नाहिं तोर, इहिकारण छिपिरहत नित २३ चहत वतुनुसम तौन, अये चारु चम्पक तनी। सुबरण सुबरणहौन, दहनदेह किय दहनमधि २४ दाड़िम हीयदरार, दरकि दरकि दरशातहग। दन्तपंक्ति मणिमार, तव निहारि निमिनन्दनी २५ ॥ षट्पदछन्द ॥ क्षीरसिन्धु अरु पुहुमि, युगल जिहिं पलुवाकीने। ओषधीश अरु बदन, तोर तिनमें रखि दीने ॥ अनिलदण्ड करि तुला, विधाता तिनको तोलत। यहै भूमिको भूमि, यहै गगनाङ्गन डोलत ॥ तव तोल बराबर हौनहित, तारागण तिनमें रखत। तउरह्यो ऊर्ध्वको ऊर्ध्व वह, गुरुताई मुख में लखत २६ ॥ चन्द्रायणछन्द ॥ कह सीता करजोरि नाथ चित चहतहौं। चरण भावनाधारि गिरामुख कहतहौं ॥ गुरुता भये न स्वाद स्वाद मधुराइमें। हरिहां। करि निरशेष अधिकगुण जाइमें २७ ॥ दोहाछन्द ॥ गिरा मनोहर सुनिसिया, पूर्णकाम प्रभु तूर्ण। अभिमत आलिङ्गन कियो, कृत मनोर्थसम्पूर्ण २८ शुचितन शोभा

सीयकी, हरत रमण हियताप । अवचछैलआभा सियहि, आनँद देत अमाप २६ ॥ मनोहरछन्द ॥ कविरुवाच ॥ कैसे वे जलज नील अतसी कुसुम जैसे, कैसे वे कुसुम जैसे नीलमणि धामहै । नीलमणि धाम कैसे शोभित तमालजैसे, कैसे वे तमाल जैसे दूबदल श्याम है ॥ दूबदल श्यामकैसे यमुना प्रवाह जैसे, यमुना प्रवाह कैसे जैसे तनुरामहै । रामतनु श्यामकैसे नवघनश्याम जैसे, नवघनश्याम कैसे जैसे श्याम रामहै ३० पीतमणिमाल कैसी लतिका सुवर्ण जैसी, कैसी लता जैसी रङ्ग केसर असुन्दरी । केसर सुकैसी जैसी सोनजुही कैसी जुही, जैसी गिरा धारिवृष्टि वृन्दवर सुन्दरी ॥ कैसी ओप अम्बुकी सुजैसी यज्ञज्वालज्योति, कैसी ज्वाल जैसी पीत-पट छबि छन्दरी । कैसी पटज्योति जैसी सीयछबि कैसी सीय, जैसी बिज्जु कैसी बिज्जु जैसी सिय सुन्दरी ३१ कैसे नीलपीतपट पावन प्रकाशवान, जैसी श्रीतमाल स्वर्णमाल छविधामिनी । कैसी बेस-माल जैसी नील पीत पङ्कजकी, मञ्जुल सुगन्ध प्रभा पूरित सुना-मिनी ॥ कैसे नीलपीत कञ्ज जैसी नीलपीतमणि, कैसी मणि जैसी गिरा कृष्णा अभिरामिनी । कैसी नदी जैसे घन बिज्जु घन बिज्जु कैसे, जैसे युग कैसे युग जैसे घनदामिनी ३२ ॥ चन्द्रायणाछन्द ॥ बिरह दीर्घ आगामि जानिजिय जानकी । चरणायुध धुनि सुनत भोर भई मानकी ॥ पति बियोग जिनहोउ धारि जिय कञ्जरी । आरिहां । तासु शान्तिके हेत प्रपूजत मञ्जरी ॥ ३२ ॥

इति श्रीपिपलोदप्रस्थानाधिपालरावतश्रीदूलहसिहजीविज्ञापितकविटीकारामात्मज-गोविन्दरामविरचितेश्रीवरविलासेश्रीजानकीविलासोनामसप्तमोल्लासः ॥ ७ ॥

-केद्वितीयोंक ॥ श्रीरघुनन्दन आप,सँ य संयुत

प्रेमको नेम, निरन्तर हृदय लखावत। निरखि निरखि आनन्द, परस्पर परम पिखावत॥ अहुराते पै अविलम्बअति, वहअवसर आवतभयो। जोदशरथनृप मृगयाकरत,मुनीशाप पावतभयो १ वैश्य तपस्वी यज्ञदत्तमुनि श्रवण तातहो। वह निज तियासमेत, जरठ जात्यन्ध गातहो॥ दशरथनृपके हाथ, मस्यो तिहिं सुत गजभ्रमते। शापदियो ऋषि अन्ध, तुमहुँ मरिहौ या क्रमते॥ अतिवृद्ध अवस्था बीचतुम, सुत वियोग दुखपाइहौ। वह तरलताप संतापसहि, आपहु सुरपुर जाइहौ २ मलिनकिरण दिनमणी, भूमिभूकम्पहोतहै। उल्का दण्ड प्रचण्ड, पतन अम्बर उद्योतहै॥ धूसरसो दिगभाग, ग्रहण रवि शशि बहुदरशात। शारमेयरुत अमित, फेरुपरचार प्रकरशात॥ बहु रुधिरबिन्दु बरसन्त नभ;तमतारा दरशान्तदिन। उत्पात अमितचित कारख, प्रलयसरिस सरसात छिन ३॥ दोहाछन्द॥ तितलखि सब उत्पात अति, केकयि करत विचार। आइगयो अवसर अबै, कीजै वर निरधार ४॥ कविरुवाच॥ षट्पदछन्द॥ पहिले भो संग्राम, अमर असुरन अतिभारी। सुरसहायता काज, गयउ नृपसंयुत नारी॥ कटी चक्रकी कील, सुरत तिहिं नरपति नाहीं। तबै अँगुरिया आप, दई केकयि तामाहीं॥ गहि विजयलखी तिय अंगुली, है प्रसन्न द्वैवरदिये। ते थाप रखे नरनाथ महँ, जे चितचाहत अबलिये ५॥ दोहाछन्द॥ इकवर भरतहि नृपतिलक, द्वितिय रामबनबास। यह उर आशय आनिकै,गई पुहुमिपति पास ६ कहनलगी केकयसुता, सुनहु नाथ ममबात। जबते आगम सुतबधू, तबते अतिउतपात७॥ षट्पदछन्द॥ बधू अमङ्गलरूप, भूपइहि जानहु जीमें। होत अमित उत्पात, अहर्निश अवधपुरीमें॥ शान्तिहेत सह सीय, रामबासिहैं सुगहनबन भरतराज अभिषेक,कीजिये जो म नतमन दीजिये

थाप बरदान हुहुँ, जगत महायशलीजिये । अति आपहोय निश्चिन्त अब, सुखीहोय इतरीजिये ८ सुनत बचन केकयी, महिप मूर्च्छाभइ भारी । पुनि कछुहोय सचेत,धीय निज यह निर्धारी॥ मुसनकार जो कहै, घटै मिथ्या महपातक । सुत बिछुरनहु यहै, घोर मम बपुको घातक ॥ मन मरण श्रेय मान्यो महिप, नाहिं भलो मिथ्यावचन । तियते तथास्तु कहिदियो तब, तिहि बिरची बिधि बिधि रचन ६ शीशजटा बिलसन्त, बसन बलकल तन रामजु । छत्र चमरढिग भरत, बिमन मन नहिं बिसरामजु ॥ तात चरणयुग नमत, भ्रातयुग मनबचकायक। अहह तात हा मात, भरत बद बिह्वलदायक ॥ सहिसकौं और संकट सब,कछुहु न मुखते कहिसकौं । गहिसकौं सिंह अहि अगनिबैं, रामबिरह नहिं रहिसकौं १० ॥ चन्द्रायणाछन्द ॥ कहत राम मोहिं पीर नाहिं बनबासहै । कोमलपद सियगमन तथा नहिं त्रास है ॥ भरतभ्रात उर अरुचि राजपर रहत है। परहां । यह अति दारुणदाह देहको दहत है ११ सुनि सुमन्त्र बच भूप सुसुबन पयान है । शापसमयभो प्राप आप जियजानहै॥ राम राम रघुनन्द रामरट जासहै । परहां । फेर न लियो नरेश दूसगे श्वासहै १२ ॥ दोहाछन्द ॥ अति आतुर भरत है, बूझतहैं निज माय। कैकेयी कर्कश हृदय,दिय उत्तर समभाय १३॥ षट्पदछन्द ॥ मात तात कितजात, भवन सुरपति के भ्राजत । किहिकारण सुत शोक, कस्य तव अग्रज छाजत ॥ कहा भयो है वाहि, कियो बन बीच गवन तिहिं । कानन मधि क्यों गये, हुई अवनिप आयसु जिहिं ॥ कहु काहि भूप आज्ञादई, नृप मम बाचाबद्ध हुवे । फल तोहिकहा तव राज्यपद, सुनि करि हाहा गिरोभुवि ॥ १४ ॥

इति श्रीकृ। बैरचितेऽष्टी रघुनृप स्वर्गसम्प्राप्तिवर्णनानाम षष्ठोल्लासः ॥ ८ ॥

षट्पदछन्द ॥ रघुवर गौहि गुहगिरा, राज्यपद तृणइव तजिया। वन प्रति जावत भये, वसन वपु वलकल सजिया ॥ सुरभि संग जिमि बाल वच्छ तिमि लक्ष्मण सोहत। धारि धनुषशर तूण युगल सब जनमन मोहत ॥ जानकी पेखि शुकसारिका सासु चरणलगि हुकुमगाहि। प्रिय प्राणनाथ श्रीनाथके साथ चली निज चित्तचाहि १ रामगवन वनकिये भरतमूर्च्छा भइभारी। पाय चेतना कछुक गिरा मुनिजन थिरधारी ॥ कीन्हों उत्तर कर्म निखिल निगमागम गायो। दशरथनृप निज जनक पुरन्दरपुरी पठायो ॥ पुनि भ्रात शोक परिपूर्णहिय नन्दीग्राम निवासकिय। शिरजटा मुकुट वल- कल वसन वसत सदा रघुनन्दजिय २ ॥ दोहाछन्द ॥ तिते निवासि पालत प्रजा, उर अन्दर असइच्छ। वनते प्रभु पगुधारिकै, पैहैं प्रीति प्रतिच्छ ३ ॥ चन्द्रायणाछन्द ॥ त्रिचलु चरण चलि सीय पीय सों यों कहै। कानन कितनी दूर श्रवण सुनिबो चहै ॥ देखि दशा मृदुअंगि नयन जलधार है। परहां। रामविलोचन प्रथम अश्रु अवतारहै ४ ॥ षट्पदछन्द ॥ कहत रामसुनु सिया, कृशोदरि प्रथम कहावत। पुनि कुच कचकेभार, निरन्तर नम्रलखावत ॥ चारुचरण चंक्रमण, चैत्यकरि श्रम सरसावत। दोलांदोलन समय, स्वेद बहु बुंद बहावत ॥ अति सरितस्रोत निर्झर निकर, भूमिगर्त गिरिमूर है। मृग सिंह भूत भैरवसहित, वन चलि हो किमि दूर है ५ ॥ चन्द्रा- यणाछन्द ॥ पुनि पुहुमी प्रति पठत राम रमनीयहै। नवनलिनीदल अरुण चरण कमनीयहै ॥ पदपदपर प्रसखलित ललितगति तीय है। अरिहां। तव दुहिता वनगहन सिधावत सीयहै ६ ॥ दोहाछन्द॥ काश्यपि तव यह कन्यका, कोमलतन सुकुमार। तजियै तुम्हरी कठिनई, भूत्र कोमलताधार ७ इमिकै हैं कछु कान्हों गमन, त्रिभु-

ननातिलक ततक्ष । पथिकवधू बूझनलगी, पथि पथि सीय मृत्यबश-बन्द्रायणाछन्द ॥ सखि कुवलय दलनील सांवरे कौन है । यह मुनि स्मितकरि तितै गहत मुख मौनहै ॥ लखि लक्षण पहिचानिलेत ते बाम हैं । परहां । पीतम परमसुजान सकलगुणग्राम हैं ९ कमल-कोश नवनीत सुकोमल चरण है । दर्भसहित अति कठिन क्रूर यह धरण है ॥ शीरात्राण पदत्राण सुबलकल कीजिये । हरिहां । सीख देत पथवधू सुमुखि सुनिलीजिये १० ॥ दोहाछन्द ॥ इमि सिखवत निजनयन भरि, नीर पथिकजन बाम ॥ क्रम क्रमकरि प्रापतभये, चित्रकूट अभिराम ॥ ११ ॥

इति श्रीपिपलोदपत्तनाधिपालरावत जीश्रीदूलहसिंहजीविज्ञापितकविटीका-रामानुजगोविन्दरामविरचिते श्रीवरविलासे श्रीरामचन्द्रचित्रकूटा-गमनोनामनवमोल्लासः ॥ ९ ॥

दोहाछन्द ॥ तितआये सानुज भरत,सहित सैनरनिवास । उमँगि उमँगि अकुलाय उर, सहत न बिछुरनत्रास १ मरन भलो बिछुरन बुरो, सब जानत संसार । वहे दुःख इकबारहै, यह दुख बारम्बार २॥ षट्पदछन्द ॥ जटाजूट शिरसोह, बसन बलकल बपु बिलसत । प्रणमत भरत परेखि, प्रेम पुलकावलि उलसत ॥ तारसुरनकरि रुदित, सकल कल बिकलभये हैं । मन बिहंग मृगदीन, नैन तितनीर छये हैं ॥ मनु आय बस्यो करुणाकटक, चित्रकूट कीनो फिकर । तिहि अश्रुओघ निकसन्त यह, नाहिं भरत निर्झरनिकर ३ ॥ दोहाछन्द ॥ देत सुमित्रा शिक्षसुत, स्वच्छ लच्छ मनलेख ॥ शुचिसेवन अव-सर मिल्यो, उरअशेष अवरेख ४ मोहिं जान जनकात्मजा, जनक जनकजामात ॥ अवधसरिस अटवी लखहु, जाउ यथासुख तात ५ शिरधरि आयसु भ्रातकिय, भरत अवध प्रतिगौन । सीय ल-क्ष्मण सहित विभु, बेहरत गिरिवर तौन ६ ॥बैदेही

वन बदत सुनहु मम पीयहै। शिलाएक हुइ प्रथम सुगौतम तीय हईै॥ विन्ध्यअद्रि पर अमित उपलपद परसहै। परहां। करि है सुनि निसवन्त। तिनक पियतास है ७॥ षट्पदछन्द॥ नौकारोहण कियो लियो सुख अमित जानकी। अरजकरी करजोर, कन्त करुणानिधानकी॥ गौतम मुनिकेशाप, आप अहल्या उद्धारी। यहकाष्ठ मुनिसम, पोत पुत्री भइ प्यारी॥ कीजिये भंग याको अवशि, चरणपरश लितदीजिये। उद्धारहोय तवलौं विनै, मम आज्ञमनन कीजिये ८॥ दोहाछन्द॥ जलयानहु थलयान मैं, जानत नाहिं अयान॥ एक रही रनिवास मैं, दूजे शिशुता जान ९ देखि दैन्यता सीयकी, रघुवर दीनदयाल॥ गोदावरितट विपिन मधि, पद्मकीनी पतिशाल १०॥ लक्ष्मणउवाच॥ षट्पदछन्द॥ जितै रघूतम कुटी, तितै वह पञ्चवटी है। पञ्चावटी परेख, पाथ सुख एक घटी है॥ तरल सुरस्कृत तटी, भीति संश्लेप बटी है। गोदा यत्र नदी, युतरङ्गित सरल तटी है॥ कल्लोल लोल चञ्चत्पुटी, दिव्या मोद कुटीरटी। संसारसिन्धु शकटी सहश, स्वल्प धर्म नरहुब्कटी ११॥ जानक्युवाच॥ मनोहरछन्द॥ क्रीड़ाअवतार कल्पवटसे विराजमान, प्रकटीकृत विश्वबट पिष्ठ अघटघट है। विश्व अन्तुजन्मघट भञ्जन शकट धरत, संकट छमी के क्रांति धोवत कपटहै॥ लंपट अथरसीय भिन्न शत्रु कुम्भोघट, खरहन शकटबन्दौ राम दुरवटहै। शीश जटाजूट पट वल्कल राजमान, कोटि कोटि कटैं वेग विपदा विकटहै १२॥ दोहाछन्द॥ विगत परिश्रम होय सिय, पिय अभिनन्दनकीन॥ पेखिकुटी प्रमुदित भई, गईताप विधि तीन १३॥ षट्पदछन्द॥ कीस नयन मदनान्ध, सदन मारीच सिधायो। है विनीत युत प्रीति, विदित यह वचन सुनायो॥ तुम मञ्जुल मृगरूप, धारि दण्डकवन विचरहु। जित

मृगनैनी जनकसुता सोहत तित प्रचरहु ॥ अति अद्भुत अङ्ग बिलोकि मृग, सिय पिय प्रति याचन कराहिं । अभिलाष अङ्गना पूरि वे, रामतोर सँग अनुसरहिं १४ हौं यह अन्तर पाय, सीय गहि लैहौं निजपुर । तव अधीनहै काज, करहु ममआनि विनय उर ॥ जो यह इच्छित मोर, सुनहु मारीच न करिहौ । तौ इतमें बिन मीत, तुरत मेरे कर मरिहौ ॥ है रावणते मरतव्य इत, रामहाथ मरतव्य तित । मरतव्य अवशि मारीच लखि, श्रीरघुवरकर होहिं हित १५ ॥ दोहाछन्द ॥ यह विचार चितचारु चुनि, मृगतनु गहि मारीच ॥ हरित दूब चुनि चुनि चरत, बिचरत बन २ बीच १६ ॥ षट्पदछन्द ॥ दशरथनृप कुलदीप, पर्णशाला मधि सोहत । सह-सौमित्री सीय, महामुनिजनमन मोहत ॥ स्वच्छ सलिल पटु पान, करत सुन्दर सरितासर । ललित कन्दफल मूल, गहतबीते बहु बासर ॥ अब ये ते पै आयो उतै, मृगवपु बनिमारीच है । पठयो जुनीच दशकण्ठको, बिचरत कुटी नगीचहै १७ सुवरण सकलश-रीर, हरित मणिमय शृङ्गद्वय । बिद्रुममय खुरचार, रदच्छद माणिक मणिमय ॥ नील तारका नयन, पटुल पेखन अति चञ्चल । सर्व रत्नमय रम्य, रूप सिय लख्यो दृगञ्चल ॥ मृग महामनोहर मञ्जु लखि, मैथिलि मन प्रमुदित भई । उर साभिलाष अति होयकै, पिय बिनती करती भई १८ निशाचार मारीच, सांग मायाकुरङ्ग वह । निकट निभृत जिहिं के, रस चारत धावत छिनमह ॥ गहन गहन मधि फिरत, ताहि चह गहन जानकी । कोटिकाम अभि-राम, रामप्रति गिरा मानकी ॥ शरन्निशित धनुष धारण किये, मृगपाछे प्रभु अनुसरे । बहुबेर भई जियजानिकै, तदनु लक्षण टेरे १९ ॥ सोरठाछन्द ॥ सियसंरक्षण हेत, लक्षमण धनुरेखा

रची। हियहुलसत विभु हेत, तदनन्तर तित संचरे ॥ २० ॥

इति श्रीपिपलोद्पत्तनाधिपाखरावतश्रीमद्दूलहसिंहजीविज्ञापितकविटीका-
रामाङ्कजगोविन्दरामविरचिते श्रीवरविलासे मणिमयमृगमारीच-
गमनोनामदशमोल्लासः ॥ १० ॥

श्रीहनुमन्नाटकेतृतीयोङ्कः ॥ षट्पदछन्द ॥ आंदोलत शर एक, अपर कर धनुष धुनावत। पुहुपलता लखि ललित, जटाग्रन्थी सरसावत॥ कोटिकाम अभिराम, राम शुभ उपमालायक। विपिन वीथिकावीच, श्यामसुन्दर सुखदायक॥ अति अद्भुतगति मृगरूप, वह इत उत तित चितवत फिरत। मायाधिराज रघुराजमणि, इकक्षण नहिं कित थित थिरत १ कबहुंक धरपद धरत, कबहुं रसना तृण चाटत। कबहुँ होत अस्पर्श, कबहुं गुल्मन उद्घाटत॥ कबहुँक किसलय सूँघि, कबहुं तनु त्रासित तापते। देखत दिशि दिशि कबहुं, करत कण्डूति आपते॥ इमि कबहुँक धावत वेगते, कबहुँक थिरता गहत है। वह मायामृग मारीच इमि, अद्भुतगति चितचहत है २ रामकहतभो लक्ष, आप अवलोकहु आछे। ग्रीवभङ्ग अभिराम, मुहुरमुहु हेरत पाछे॥ धावनते थियध्यान, चपलचित चितवत चमकत। पर तनु बीच प्रविष्ट, पूर्ववपु धारत धमकत॥ मनमानि मोर शरपतन डर, प्रासदर्भ मुख ते गिरत। कृत बहुतर बिथति प्रचार है, किंचित पुहुमी पै फिरत ३ ॥चन्द्रायणाछन्द॥ मृगवक्षःस्थल लक्ष कियो प्रभु आप है। दिव्य बाण सन्धान ठान दृढ़चाप है। परमप्रचण्ड प्रहारक्यो जब इहिं इतै। परहां। होय तपस्वी गयो दशानन तब तितै ४ चुनि मृगया मारीच गये युगभ्रात है। इत आयो दशकन्ध तपस्वी गात है॥ भयसंयुत जिमि मृगी तथा सियनैन है। परहां। ते लखि हौं यह ठानि कहत मुख वैन है ५ धार्मिणि भिक्षा देउ अहो इत आइकै लक्षण लक्षण लंघिदेन सियज यकै। धूरत धुत्र भेष धारि

धरी धरणीसुता। परहां। परम पतिव्रततीय तोमतातीनितनुता ६ जब गहि चलयो जहर जानिजिय जानकी। तब रघुनन्दन पीउगिरा गुणगान की॥ अहह राम हा लक्ष हुष्टलेजात है। परहां। सिंहभाग शृगा गहत यहै का बात है ७॥ पदम्दछन्द॥ अति आतुर सियबोल, सपदि सुनि युगल श्रवणते। जरठ जटायू गृद्ध, क्रुद्धकह बीस श्रवणते॥ रे तस्कर परदार, अरे अतिद्रुत कयों जावत। तिउ तिष्ठ मतिमन्द, तोर त्रासक हौं आवत॥ तज सीय परम पतिदेवता, नातर जैहौ शमनपुर। मम चण्ड तुण्ड करि खण्ड तब, गिद्धापेंगे रुधिर उर ८ जनम ब्रह्मकुल बीच, कण्ठ कृन्तन करि करिकै। कियो सम-र्चन शम्भु, शीश आगे धरि धरिकै। शक्रहु पै है शक्ति, चण्ड उद्-गडन दण्डन। कन्दुकइव कैलास, धारि कीन्हें करमण्डन॥ है परम पराक्रम पुञ्जसुत, यहै कर्म अनुचित करत। हरिधर्मपत्नि रघुवीर की, तनक न मन लज्जा धरत ६ रावण सुनि वह बचन, धीयलागो निर-धारन। यहै किधौं मैनाक, करत ममसार्ग निवारन॥ शक्र वज्रते डरत, काहि मम सनमुखआवत। नाहिं गरुड़ निजनाथ, सहित मोहिं न बिसरावत॥ अब जानि लियोशठ जरठ यह, गृद्धजटायू नाम है। इत आवत निजवधकाज जड़, जैहै द्रुत यमधाम है १० पुत्रिसीय जनि डरहु, दुष्टजैहै नाहिं आगे। रे रे निशिचर नीच, काहि मम भयकरि भागे॥ गहिरघुकुलमणिदार, कितै जैहै रे तस-कर। करिकै चञ्चु प्रवेश, तोरिहौं धमनी धसकर॥ द्रुत दशहुदिशा दिग देवदश, करौं सद्य संतृप्त सब। दशमस्थ करि दशमस्थ तब, ऊन नृपदशरत्थ अब ११ करत अस्त्र विशेष, दलत भुज चक्रचूर्ण कृत। मर्दत युगहय हनत, रक्षपति किय व्रण आवृत॥ गर्जत तर्जत संधि-तिरस्कृत करत त ि अति मग रोकत क्षणमध्य

श्रणु कपोत गिद्धनपति । डनि रुण्ड र कण्टकगाळ्ड निरि, श्रण अनुमंत वज्रसर । पुनि प्रबलतनमतह ऊर्ध्वगत, अति अद्भुत कीन्हों समर १२ गृद्धराज जब युद्ध, निरखि सह क्रुद्ध निशाचर । पुनि चपेट शिलसदृश, गहन पीस्यो पक्षीश्वर ॥ कछुक प्राण अवशिष्ट, परि परिगो उर्वीतर । राम राम श्रीराम, होत धुनि गिरि गुर्वीधर ॥ चितचहत चारु रघुबर दरश, तिहिते तजत न प्रानहैं । सुर ध्यान धरत प्रभु चरणयुग, नहिं अभिलाषा आन है १३ जिय क्रिय शोच जटायु, कछु न मोते बनिआई । मुधा गयो मम जनम, प्रथिर प्रीती न निभाई ॥ नहिं रक्षन वैदेहि, बीसभुज भुजा न तोड़ी । एकहु मुड़यो न मस्थ, सातती पांखहु जोड़ी ॥ निरख्यों न नयन भरि रामसुख, नाहीं कछु कीन्हों सुकृत । हौं आयुरहित का करि सकौं, को मन गिनिसकैहै कुकृत १४ ॥ दोहाछन्द ॥ इमि मूर्छित करि गृद्धको, कियो गौन लङ्केश । बिबिध भांति बिलपत सिया, व्याकुल हृदय विशेश ॥ १५ ॥

इति श्रीदिपलोद्भवपत्तनाधिपालवान श्रीश्रीठकुरसिंहजीविज्ञापित कविटीका-
रामानुजगोविन्दरामविरचितेश्रीवरविलासे जटायुमूर्छावर्णनं
नामैकादशोल्लासः ॥ ११ ॥

षट्पदछन्द ॥ अहह राम हा रमण, नाथ हा रघुपति सुन्दर । हा जगबीर सुजान, प्रभुर पुहमीश पुरन्दर ॥ हा दशरथ नृप नन्द, सच्चिदानन्द वृन्दनिधि । हा प्रिय प्रीतम परम, रम्य विपरीत भयो विधि ॥ हा कृपासिन्धु संकटहरण, दीनबन्धु अशरण शरण । अब निदित बिमल वारिज चरण, चरण चारु मङ्गलकरण १ ॥ दोहाछन्द ॥ क्रन्दत निमिनृपनन्दिनी, जगत वन्दनी सीय । कुररी इव कूकन करत, धरत न धीरज धीय २ अति अविलम्बित गगन मग, लिये जात लङ्केश लखि बानर गिरि शिखरपर, निज अभरण अशेश ३

सैरध्वजी उतारि हुत, अलंकार निजअङ्ग। डारिदिये गिरि शिखर पर, उत्तरत गिरा अनङ्ग ४ मारुति प्रति इमि उच्चरत, ये आभूषण लेउ। राम पीउ देवर लषण, तिन्हैं तात तुम देउ ५ ॥ कविरुवाच ॥ मायामृग मारीचहो, तिहिं मनाकमधि मारि। पुनरागमनकरन्त तब, कछुक कुचिह्न निहारि ६ दाहिनिदिशि द्रुमडिस्थ पर, करटरटत रवक्रूर। प्राणप्रयाण समान कछु, है संकष्ट जरूर ७लषणभ्रात अनुजात युद्ध, लखि अपलपनकरूर। करत अमित अनुमान मन, हरणहार मुदमूर ८ क्षण क्षण क्षण मधि विश्रमत, धरत धीय नहिं धीर। पर्णशालमधि भ्रातयुत, पहुँचे श्रीरघुबीर ६ सिय न लखत बिलखत हिया, किया कोणत्रय शोध। सूर्यकोण तिन तजिदिया, किया हृदय अवरोध १०शोकभीति धूजत हृदय,सदय सदा रघुबीर। कोण चतुर्थहुजौन सिय, ताकस धरिहौं धीर ११ ॥ अत्र श्रीहनुमन्नाटके चतुर्थोङ्कः ॥ षट्पदछन्द ॥ महाघोरतर समय, प्राण उत्क्रमण अधिक है। सिय बियोग अधिगम्य, असत्रतनु तजत न धिकहै ॥ पर्णशाल सब अन्त, राम आलोकन कीन्हो। कतहुँ न पतिव्रत सहित, सीय अवलोकन लीन्हो ॥ हा हृदय बिदीरण होतहै, इहिं अधा अशु करत किन। मम प्राणनते प्यारी प्रिया, तिहिबिन नहिं रहिसकत छिन १२ ॥ दोहाछन्द ॥ एतेपै अवलोकि उत, उत्तरीय शुचि सीय। सुधि रमणी रमणीयमन, करि करि प्रिय कमनीय १३ पुनि पुनि पट जोवनलगे, रोवनलगे अधीर। नयननीर धोवन लगे, लगे निचोवन चीर १४ ॥ षट्पदछन्द ॥ द्यूतसमय उद्योत, होत इहिंको पण कीन्हो। प्रणय केलिमधि कण्ठ, पाशइहिं करि करि लीन्हो ॥ वरव्यञ्जन सुरतान्त, समय श्रमहर शुभ सरसत। शय्या मरम निशीथ, समय याहीदृग दरशत इत वेधि वशते प्राणप्यो

उत्तरीय रमनीय अति । कमनीय कलेवर सीयके, नखधामानि मुहु मुहुगहति १५॥ चन्द्रायणछन्द ॥ नहिं अन्दर पद चिह्न बाहरधारिये । पर्णशाल यह मोर कि अन्य निहारिये ॥ मैं यह वहहौं राम कि अथवा औरहै । परहां । सिय बिन जिय नहिं सकत जु अनयाकि-धोरहै १६ ॥ पद्धरछन्द ॥ केहरि हरिले गये, कटीस्मित हिमरुचि लीन्हो । हगहरिगये कुरङ्ग, कान्तिदुति चम्पक चीन्हो ॥ कलरव कोकिल गह्यो, गमन युगभाग कियो है । अर्द्ध गह्यो मातङ्ग, अर्द्ध हरि हंस लियो है ॥ कांतारसीत्र पशु हनि पथ, सब बिभागकरि लेतहैं । कान्ता तथैव सबमैथिली, लई हाय दुख देतहैं ॥ १७ ॥

इति श्रीचरविजासेरामविलापवर्ननोनामद्वादशोल्लासः ॥ १२ ॥

दोहाछन्द ॥ मुक्त यही केकयसुता, मुहिं पठ्यो बनबीच । यह मम मति कित कनकमृग, श्रवणन नयन नगीच १॥ पद्धरछन्द ॥ अत्रालिङ्गित ललित, कमल कोरकवपधारी । पीताधर अति मधुर,सुधाकर समसुखकारी ॥ कलक्रीडाविरमाव, मञ्जु मकरन्द बिमर्दित । शुचि यह सुमनसमूह, देवदयिता बिन दर्दित ॥ कितगई बचन बदरसमयी, गजगमनी मृगलोचनी । हा सिये प्रिये मम वल्लभे, संतत शोचबिमोचनी २ गाहि गाहि कान्तार, बनांतर बिपुल बिलोके । बलीदर्पक माहि, सहसा सब चप अवलोके ॥ स्मारस्मार गइहूर, प्रिया बहुवारबारहै । गिरिवर ऊपर अटत, बिलोचन वारिधार है ॥ हा सिये प्रिये कितमें गई, कछुहु न मुखते कहिगई । ममसर्वसदुख सँग लेगई, अति दारुणदुख देगई ३ भूरज रञ्जित सर्व, वपुष बिधु बिलसत कैसे । दह्यमान विरहागि, धराविङ्क्तिकिय जैसे ॥ मन्यु बिदारित चित्त, ध्वनित है उचरत बानी । हा सीते हा जनक, नान्दिनी सिय सुखद नी लसतेरे आनन चन्द्रमा, मेरे

नयन चकोर है। पुनि मेरो हृदय पपीहरा, स्वाति सलिलवपु तोर है ४ इहि बिधि बिलपत विविध, पर्णशाला चहुँओरन। फिरत धरत धुरधीर, वीर श्रीअवधकिशोरन॥ हा जानकि कलकमल, नयनि सीते सुखदेनी। मम मनबारिज बिपिन, राजहंसिनि अहि बेनी॥ बहु बिरह वह्निअति दग्ध उर, दीनभयों दृग जलभरौं। किहिठौर जाय कासोंकहौं, किहिदिशि अवलोकन करौं ५ गिरि शिखरस्थित वृक्ष, लतातरबायु न बीजित। कौनगयो गहि सीय, लखी काहु कहु तुम इत॥ चारुत्रपी बिम्बोष्ठि, त्रिपुल जघनारसना रटि। सीता नीता केन, बद्धनागेन्द्र कात्रिकटि॥ तेतरु बूझत तुम कौनहौ, आपकहतहौं रामहौं। नृपअवध ईश दशरथतनय, शोक अनलधिय धामहौं ६ हे गोदावरि पुण्य,नारि पुलिनेते देखी। कम-ललैन मृगनैनि, इतै आवत न बिशेखी॥ बरबिनोद कछु करन, बि-मल बारीबिच बिलसी। ऐसे बूझत फिरत, रई मृगति हिय खिलसी॥ इमि प्रतिपादप प्रतिनग पठत, प्रत्यापग प्रत्यग रटत। पुनि प्रति बगहिण प्रत्येण प्रति, जानकियाचततित अटत ७॥ दोहाछन्द॥ पुनि लक्ष्मण प्रति प्राप्तहै, विह्वल बचन बदन्त॥ बिपुल बिरह उन्माद बश, बावरसम बिलसन्त ८॥ षट्पदछन्द॥ कोहो तुम कहु कहा, यहे हे नाथ नाथतर। दासलक्ष्मण नाम, आप मैं कौनआर्यबर॥ आर्य कौन श्रीराम, बिजनबन कहाकरतइत। देखत देवी दिव्य, कौन देवी सियसंभ्रित॥ सियनाम श्रवणसुनि बिकलहै, बिबिध भांति बिलपन लगे। हा जनकराजतनये प्रिये, बिरहपयोनिधि मधि पगे ९॥ दोहाछन्द॥ इमि बन बन ढूंढ़त फिरत, सह सौमित्री राम॥ बिलखत बिलपत चकितचित, नाहिं जिततित बिश्राम १० यते पै निरखत भये, गृद्धजटायु अचेत अरु रावणरथ भग्न लखि,

वचरत रामसचेत ११ दशरथ नृपको मित्रवर, शत्रुनिपूदनहार॥ तामति प्रभुउचरनलगे, मूर्छित नयन निहारि १२ बूझतप्रभु पक्षीन्द्र प्रति, कहीं घोर घन गात॥ कौन कुटिल वृत्तान्त सब, मोहिं सुनावहु तात १३ तब बिलोकि विधुवदनवर, वदत जटायू बैन॥ वरणन श्रम ऊर्दन सो, सुनिये नीरजनैन १४ निशिदिन शशि रवि अर्द्ध सब, रावण निज चितचीन॥ सामलपक्ष सिताष्टमी, वैदेही हरि लीन १५॥ किरीटछन्द॥ देवनको दिन अर्धलखो यह लेख किये चितचेत चितावत। पितृनकी निशि अर्द्ध कहैं जिहिते अघपक्ष भतक्ष पिलावत॥ आठकला सुत अर्द्धशशी पुनि मध्यदिने रवि अर्द्ध लखावत। निर्मलपक्ष भये भृगुवासर अष्टमिचोस हरी सिय गावत १६॥ दोहाछन्द॥ चैतशुक्ल तिथि अष्टमी, भृगुवासर बरतन्त॥ मध्यदिवस मधि मैथिली, रावणहरी अमन्त १७॥ पदपरछन्द॥ यह सुनि बोले राम, भग्न किमिकियो महारथ। वज्रांकुर इव क्रूर, तुराड धनुखड़े गिरेपथ॥ हे सीरध्वजराज, पुत्रि तू धन्य लखावत। पञ्चानन पक्षीन्द्र, दशानन कुञ्जरयावत॥ अतिभयो भूरि संग्राम इन, सो तैं निरख्यो नयनभरि। संचार दशानन मत्थपर, भोजटायु समस्थकरि १८ पुनि जटायुप्रति कहत, रामभो तात सुनहु मम। तुम्हरे तेज प्रताप, स्वर्गपद पावतहौ तुम॥ भले सिधावहु स्वस्ति, सहित पै एक कहतहौं। कान्ताहरण वृत्तान्त, तातढिग न कछु वहतहौं॥ है रामनाम जो मोरतो, कछु थोड़ेसे दिननमें। तित रावण समुत सबंधुजन, ऐहैं कहि हैं छिननमें॥ १९॥

इति श्रीपिपलोदपत्तनाधिपालरावतजीश्रीदुलहसिंहजीविज्ञापितकवि टीकारामाङ्गजगोविन्दरामविरचितेश्रीरघुविलासेजटायुस्वर्ग संप्रातिवर्णनंनामत्रयोदशोल्लासः॥ १३॥

तदनन्तर श्रीराम, विपिन बिचरत मृग देखे इन

दृष्टन के बधु, प्रपञ्च मारीच बिशेखे ॥ प्राणबल्लभाश्लेष, बिपुल बिश्लेप कियो है। मृगी चक्रबध ठानि, चहतमृग बिरह दियो है। अतिमद अमोच नालीक सब, दूरघात नित करतहै। पै प्रिया सदृश मोहत नयन, इहिकारण जिय डरतहै १॥ चन्द्रायणाछन्द ॥ एते पै गिरि अस्त, गये रबि आपहै। उदय भयो शशितस्य, सहशापपु थापहै ॥ देनलगे संताप, कमलदल नैन है। अरिहां। उचरत है श्रीरामलल मतिबैन है २॥ षट्पदछन्द ॥ चलतरलतब सौमित्रि, तरणि ते तनुतापत अस। लक्ष कहतभो नाथ, निशामधि मिहिरकथा कस ॥ चन्द्रोदयहै यहै, सुनत प्रभु पुनि बचबोले। बच्छलश्मन ललित, कथं वक्षःस्थल तोले ॥ सौमित्रि बदत सुनिये बिभो, लखि कुरङ्ग लसन लसत। हाहा कुरङ्गलोचनि सिये, चन्द्राननि तव बिन त्रसत ३॥ चन्द्रायणाछन्द ॥ मन्दरगिरि करि मथितभयो नाहिं पातकी। जात्यो नाहिं तम तुच्छ तोहिं घनत्रातकी ॥ हौं तेरे शत टूक करौं इकछनकमें। परहां। जो होतौ नाहिं बदन बिदेही बनकमें ४ ॥ षट्पदछन्द ॥ दाव दहनतरु शिखर, निवारहु निर्झर जलकर। नाहिं दवानलनाथ, उदयागिरि समुदय हिमकर ॥ बच्छ सुधाकर स्वच्छ, धूमधारन किमि कीन्हो। नाथ नाहिं यह धूम, छौनि छाया चित चीन्हो ॥ हा धराणिसुते सीते प्रिये, कान्ते कुत्र गता असी। तव बिरहानल संदग्ध हिय, तदुपरि जारत यह शशी ५ ॥ दोहाछन्द ॥ रामचन्द्रकरुणासहित, बदत बचन अति रम्य। प्राणप्रिया पद्मप्रेयसी, परमप्रेम आश्रिगम्य ६ ॥ चन्द्रायणाछन्द॥ अङ्क कहत कबिकेपि, कहत केउपङ्कहै। कित नेकहृत कुरङ्ग, बिंब निश्शङ्क है ॥ मनदत बिबुध कितेक, छाय यह भूम है। परहां। हौं जानत जिय बिरह, दहन धुवधूम है ७ षट्पदछन्द रे रे

निर्दर अनिवार, कन्दर्प मनोभव पङ्केरुह प्रे कुसुम चापसंयुत संयुक्त ॥ तजहु धनुपधरि धीय, कहा पुष्पशरसमोधति । कान्ता संग वियोग, जात हुतभुक ज्वालाअति ॥ वपुहोयरह्यो संदग्ध अति, ताहि प्रहारतहै कहा । सब शूरपुरुष पावत नहीं, मृतक मारिकै यशमहा ८ आपुंसाग्र निमग्न, तोरशर पंचपंचशर । मद्नाग्नी निर्दग्ध, यहै वपुहोहु निरन्तर॥निपट निरायुध काम, जीति तकिहै न अपरजन । सुखी हूजियो सबै, दुखी इकहौंहिं रहहुमन ॥ अति उत्तमते उतम सब, यहै बात अवलोकिये । इत एक आपसं-कष्टसहि, इस त्रिलोकको रोकिये ९ ॥ दोहाछन्द ॥ तरु अशोक वि-कसित विमल,तिहिंतल गहि विश्राम । उपरहि कछु किंचितसमय, वदत वचन श्रीराम १० ॥ षट्पदछन्द ॥ तू नवपल्लव रक्त, रक्तमैं प्रिया गुननकर । आवत अनिश अभङ्ग, शिलीमुखगन तो ऊपर ॥ तथा कामधनु मुक्त, शिलीमुख मोप्रतिआवत । कान्ता पदतल हती, हीय उभयन हरसावत ॥ समभाव मोर तव लक्ख है, भिन्नभाव इक यह वसत । लख मुहिं सशोक विधिने कियो, तव अशोक अभिधा लसत ११ ॥ सोरठाछन्द ॥ हियपर धरयो न हार, सिय वियोग भय मानि जिय ॥ तरुवर सरित पहार, अब अनन्त अन्तर बसत १२ ॥ षट्पदछन्द ॥ चन्द्रखण्डकर सदृश, पवनहू गति पवि ओपम । मलयजलेप कुलिंग, सुमन मनलूति अग्रसम ॥ रात्रि कल्पशत तुल्य, प्राण प्रालन्तमारइन । यहै वैदेही विरह, समय संहार कालमिव ॥ हाहन्त कितक संकटसहौं, कौनसुनै कासों कहौं । हिय हटकत हटकत फटत है, अटत रटत जाकि थकिरहौं १३ वपुभूषा कृशता पाय, मोस बिलाय गयो है । नैननिरन्तर नीर, स्रवैं वारी नरयो है । दीर्घ दीर्घ निस्स्वांसालिये, सब श्वसन मरयो है हरण

होतही तीय,तेज तरतोमघट्यो है॥ इमि चारतत्त्व भोगवन तनु, रह्यो शून्य अवशिष्ट है। यह कहा राम जीवन तजउ, कुलिश कठिन अतिक्लिष्ट है॥ १४॥

इति श्रीवरविलासेश्रीरामचन्द्रविरहवर्णनंनामचतुर्दशोल्लासः॥ १४॥

षट्पदछन्द॥ लक्षसहित श्रीराम, महावन विच विचरत उत। गौर गवय मातंग, शरभशार्दूल कोलरुत॥ कोलाहल आहूत, भूत वैतालपाल है। समुत्ताल कङ्काल, काल बिकराल जालहै॥ चय-चक्र बालनालकृत, तुमुल घोर विकारमिल। वहलान्धकार करि-कलितगुह, अन्तराल विलसन्तकिल १ अबिरल परिमलबहल, सरल चञ्चल वहु बिगलित। वृन्दबिमल मकरन्द, बिन्दुकीलाल जालजित॥ आलबाल बरवृक्ष, सुपिच्छिल लसत ललिततित। प्रमत्तालि गणमाल, लुलित मारुत आन्दोलित॥ बाचाल विपुल फुल्लित लसत, वकुल मुकुल कुलजाल है। धूसरितधूलि कोकिल बधू, कूकमाधुरी मालहै २॥ चन्द्रायणाछन्द॥ तरल शिलोच्चय शिखर शिखी समुदाय हैं। नर्तनलीला सानुकूल मुदपाय हैं॥ प्रचलत चक्रचकोर पक्षिगण लक्ष हैं। परहां। गुञ्जत मञ्जुलशब्द बिपुल प्रतिवृक्ष हैं ३॥ षट्पदछन्द॥ अम्बर चुम्बनललित, लक्ष उर अन्दर दरसत। आलम्बनफल बिपुल, भार आलम्बित सरसत॥ सकल जन्तु संतोष, पोष निर्दोष बिभूषित। सुधास्पर्द्धि वर्द्धिष्णु, सरस रसमय निरदूषित॥ हिंताल तमाल रसालतरु, ताल प्रियाल बि-शालफल। मालूरशाल मलशल्लकी, पुनि शिरीष कृतमालभल ४ असन शमी शिंशपा, शाक चम्पक अशोकचुन। कर्णिकार सुरदारु, अवर बहुसार अवणसुन॥ कोबिदार जम्बू कदम्ब, अरु निम्ब उदुम्बर। सो भोजनरु करञ्ज, बकुल निचुलक खजूरवर॥

पुनि बीजपूर जम्बीर, भाण्डार बहुरि वानीरहै। अरु कर्मरङ्गनारङ्ग, चन्दन कदली काश्मीरहै ५ धात्री पाटल कुटज, चीत कङ्कोल बिभीतक। बटअङ्कोल मधुक, हरीतकि अरु भल्लातक॥ आम्रा- तक केतक, जयन्ति वैकङ्कत कङ्कत। अरु अश्वत्थ कपित्थ, तिं- त्तिणी जपा अलंकृत॥ बन्धूक नागकेसर प्रमुख, अरण्यानि दुस्तर अटत। वाराहकन्ध आरूढ़ उत, वास करत उत्कट रटत ६ पुनि दक्षिणदिशि पेखि, दक्षिणाचलपर प्रचलित। मलय मा- लती तगर, जाति दमनक लवङ्गातित॥ मरुवक अरु कंकोल, कमल कुलमुकुल कुमुदिनी। शतपत्रादिक ललित, कलित कह्लार प्रमुदिनी॥ तिनमञ्जु परमपरिमल मिलित, चुंबित चारु अपार है। कावेरी ताम्रपर्णी सरित, तुङ्गभद्र जलधारहै ७ नीरधार गम्भीर, सान्द्र परिपीत तरङ्गन। मैत्रावरुण सुतीय, ललित लङ्का शशाङ्क भन॥ रम्यरुद्र पादाद्रि, सरल सिंहल सालकजन। श्रीगोपालक पाण्ड्य, अचल विद्रुम मण्डलवन॥ पुन्नाटककेरल चोलकुन, कु- न्तल कर्नाटक कलित। करहाट आंध्रकल कामिनी, कृतसनान जित अति ललित ८ पीनस्तन बरवदन, जघनतन मल भुज मूलन। तिष्ठित धुत धम्मिल्ल, भार अन्तर्गत फूलन॥ मृगमद अगरु कपूर, कलित कुंकुम श्रीखण्डन। रचित यक्ष कर्दम, विमर्द वर्द्धित वपुमण्डन॥ वह विविध गन्ध परिमल बहुल, कुसुम मि- लित मारुतचरत। प्रोत्थित भुजंग प्रफुलित फणन, खंजरीट क्रीड़ा करत ९ स्वच्छ क्षीर नीहार, कलित कास्मीर फटिकासित। शुद्ध शंख कर्पूर, कुन्द अवदात अपरिमित॥ महाभुजंगम परम, स्फीत फुत्कार प्रफुल्लित। फणामणिन मधि खंजरीट क्रीड़न्त बिलोकित॥ हुव वाम नयन सकरुण सजल, इतरस विस्मय मोदमय[1] उभचिह्न

होतही तीय, तेज तरतोमग्रस्यो है ॥ इमि चारतरय भोगवन तनु, रह्यो शून्य अवशिष्ट है । यह कहा राम जीवन तजउ, कुलिश कठिन अतिक्लिष्ट है ॥ १४ ॥

इति श्रीवरविलासेश्रीरामचन्द्रविरहदशावर्णनंनामचतुर्दशोल्लासः ॥ १४ ॥

षट्पदछन्द ॥ लक्ष्मसहित श्रीराम, महावन विच विचरत उत । गौर गवय मातंग, शरभशार्दूल कोलरुत ॥ कोलाहल आहूत, भूत बैतालपाल है । समुत्ताल कङ्काल, काल विकराल जालहै ॥ चय-चक्र बालनालकृत, तुमुल घोर चिकारमिल । बहलान्धकार करि-कलितगुह, अन्तराल बिलसन्तकिल १ अविरल परिमलबहल, सरल चञ्चल बहु विगलित । बृन्दविमल मकरन्द, बिन्दुकीलाल जालजित ॥ आलबाल वरवृक्ष, सुपिच्छिल लसत ललिततित । प्रमत्तालि गणमाल, लुलित मारुत आन्दोलित ॥ बाचाल विपुल फुल्लित लसत, वकुल मुकुल कुलजाल है । धूसरितधूलि कोकिल बधू, कूकमाधुरीमालहै २ ॥ चन्द्रायणाछन्द ॥ तरल शिलोच्चय शिखर शिखी समुदाय हैं । नर्तनलीला सानुकूल मुदपाय हैं ॥ प्रचलत चक्रचकोर पक्षिगण लक्ष हैं । परहां । गुञ्जत मञ्जुलशब्द विपुल प्रतिवृक्ष हैं ३ ॥ षट्पदछन्द ॥ अम्बर चुम्बनललित, लक्ष उर अन्दर दरसत । आलम्बनफल विपुल, भार आलम्बित सरसत ॥ सकल जन्तु संतोष, पोष निर्दोष विभूषित । सुधास्पर्द्धि वर्द्धिष्णु, सरस रसमय निरदूषित ॥ हिंताल तमाल रसालतरु, ताल प्रियाल सि-शालफल । मालूरशाल मलशल्लकी, पुनि शिरीष कृतमालभल ४ अशन शमी शिंशपा, शाक चम्पक अशोकचुन । कर्णिकार सुरदारु, अवर बहुसार श्रवणार्जुन ॥ कोविदार जम्बू कदम्ब, अरु निम्ब उदुम्बर सो भ जनरु करञ्ज, वकुल निचुलक खजूरवर ॥

पुनि बीजपूर जम्बीर, भाण्डार बहुरि बानीरहै । अरु कर्मरङ्गनारङ्ग, चन्दन कदली काश्मीरहै ५ धात्री पाटल कुटज, नील कङ्कोल बिभीतक । बटअङ्कोल मधुक, हरीतकि अरु भल्लातक ॥ आम्रातक केतक, जयन्ति बैकङ्कत कङ्कत । अरु अश्वत्थ कपित्थ, तिंत्तिणी जपा अलंकृत ॥ बन्धूक नागकेसर प्रमुख, अरण्यानि दुस्तर अहत । बाराहकन्द आरूढ़ उत, बास करत उत्कट रहत ६ पुनि दक्षिणदिशि पेखि, दक्षिणाचलपर प्रचलित । मलय मालती तगर, जाति दमनक लवङ्गतित ॥ मरुबक अरु कंकोल, कमल कुलमुकुल कुमुदिनी । शतपत्रादिक ललित, कलित कल्हार प्रमुदिनी ॥ तिनमञ्जु परमपरिमल मिलित, चुंबित चारु अपार है । कावेरी ताम्रपर्णी सरित, तुङ्गभद्र जलधारहै ७ नीरधार गम्भीर, सान्द्र परिपीत तरङ्गन । मैत्रावरुण सुतीय, ललित लङ्का शशाङ्क भन ॥ रम्यरुद्र पादाद्रि, सरल सिंहल सालकजन । श्रीगोपालक पाण्ड्य, अचल विद्रुम मण्डलवन ॥ पुन्नाटककेरल चोलजन, कुन्तल कर्नाटक कलित । काहाट आंध्रकुल कामिनी, कृतसनान जित अति ललित ८ पीनस्तन बरबदन, जघनघन भल भुज मूलन । तिष्ठित धुव धम्मिल्ल, भार अन्तर्गत फूलन ॥ मृगमद अगरु कपूर, कलित कुंकुम श्रीखण्डन । रचित यक्ष कर्दम, बिमर्द बर्द्धित बपुमण्डन ॥ वह बिबिध गन्ध परिमल बहुल, कुसुम मिलित मारुतचरत । प्रोत्थित भुजंग प्रफुलित फणन, खंजरीट क्रीड़ा करत ९ स्वच्छ क्षीर नीहार, कलित काश्मीर फटिकसित । शुद्ध शंख कर्पूर, कुन्द अवदात अपरिमित ॥ महाभुजंगम परम, स्फीत फुत्कार प्रफुलित । फणामणिन मधि खंजरीट क्रीड़न्त बिलोकित ॥

हुव बाम नयन सकरुण सजल, इतरम बिस्मय मे दमय । उभचिह्न

अशुभ शुभ सूचना, भये संगमन प्रीतिभय १० संस्थितकोल कपोल, काकरव बामभाग हुव। कहत व्यसन अति दुखित, उचित संतत सब जनभुव ॥ बरतवहै दिन रैन, कहा अब अग्र दिखावहि। पुनि दक्षिणदिशि, खंजरीट शुभलक्ष लखावहि॥ अविरुद्ध भुजंगम फणनपर, क्रीड़त यहहै राज्यमद। मम एकसंग दोनौभये, हैं यह अति आचरजपद ११ ॥ सोरठाछन्द ॥ भरेनयन युग नीर, भया विश्रामकरि चिन्तवन ॥ सकरुण श्रीरघुबीर, बूझन लगे भुजंगसों १२ ॥ षट्पदछन्द ॥ तरुणबिम्बइव लोल, जिह्व बन्धूक सुमनसम। तेरे नीरजनयन, भूरि भ्राजन्त भुजंगम ॥ हौं बूझत हौं तोहिं, पवनभुक कछु करुणाकरि। कोमलांगि शरदेंदु, सुखी देखी कोउ सुन्दरि ॥ इमि सुनत बचन रघुबीरकर, रचनरम्य सुकुलपसने। बोल्यो विनीतह्वै बैन शुभ, भुजंगराजहियाहित घने १३॥ चन्द्रायणाछन्द ॥ गई गई वपु चम्पवर्ण पीनस्तनी। कुंकुम चर्चित अङ्ग करुणारसमें सनी ॥ शीतलांगिका आश गङ्गइव भ्राजिता। हरिहां। तारागण मधि चन्द्ररेख समराजिता १४ कहत राम इहिं व्यसन अधिकका औरहै। कहाहोयगो अग्र अभ्युदय मोरहै ॥ मरण शरण बरमोहिं नाहिं यह राज है। परहां। वह लक्ष्मण को होउ सुसुखद समाज है ॥ १५ ॥

इति श्रीपिपलोदपत्तनाधिपालरावतजीश्रीदूलहसिंहजीविद्यापितरत्नपुरस्थकवि दीकारामाङ्गजगोविन्दरामविरचितेश्रीवरविलासेशुभाशुभशकुना ऽवलोकनोनामपञ्चदशोल्लासः ॥ १५ ॥

षट्पदछन्द ॥ बाम तिरस्कृत कियो, कियो दाहिनो पुरस्कृत। धन्य सुवन्यशरन्य, अरन्यानी गाहनधृत ॥ किष्किन्धाद्री रौद्र,रुद्र अवतारमारुती। दीनी सकल सुनाय, ताहि निज उरसि आरती ॥ लेगयो सीयहरि कोउ कित, तुम ताको देखी सुनी। कपि हृष्टहोय

संकट हर, बदवानी चेतासिन्धुनी १ सुनिये कृपानिधान, कपिरामा अम्बर मग । हौंथित हौं तिहि समय, अहो इतमें याही नग ॥ पाप रजनिचर प्रबल, किये आकर्षण अतिद्रुत । जावतहो जिहिं बेर, श्रवणधुनि आई अद्भुत ॥ हाराम प्राणपति जेहिरिपु,भुखउचरत हारत भई । मणिभूषित भूषण मध्यते,अवलोकन करिये सई २ ॥ दोहाछन्द ॥ आञ्जनेय इमि कहि गिरा, भूषण भव्य समग्र । अविलम्बित उत आनिकै, रखे रामके अग्र ३ रामसजल चप सह करुण, गदगदगिरा गँभीर । भूषण निरखे नयनभरि, बाढ़े पुलक शरीर ४ ये भूषण वैदेहिके, निश्चय मेरे जान । तुमहूँ लक्ष्मण निरखिये, करिलीजै पहिंचान ५ ॥ लक्ष्मणउवाच ॥ नाथ न जानत और मैं, कुण्डल कङ्कन आदि । पहिंचानत नूपुरनको, अनिश अंघ्रिअभिवादि ६ ॥ कविरुवाच षट्पदछन्द ॥ सियआभूषण अखिल, राम निज हृदय लगाये । युगल नयन भरिनीर, वचन गद्गदगिर गाये ॥ इतर आभरण धरत,हुती नहिं हार हीयपर । इतकहुँ अन्तर सहि न, सकत जानकीजीय पर ॥ फल पंक्ति भेदको प्रापभो, यह कीन्हो निरधारहै । अब हारन की गिनती कहा, अगणित परे पहारहै ७ मुद्रा मुख मैथिली, लखे विन गमन चहतचित । परमहंस यह जीव, तदपि नहिं जायसकत कित ॥ वैदेही वहुविरह, बह्निज्वाला बिदग्धतनु । तेहिते भो पर बस्य, पंगु प्रचरत न बनतजनु ॥ पुनि पवनपुत्र प्रापत किये, आभूषण अवलोक उन । थुबिगये प्राणन पाय न किय, आंजनेय आलाप सुन ८ अनुनय सहहनुमान, विनयवर वचन उचारत । पुहुमिपाल श्रीराम, हीय नाहिं हूजै आरत ॥ त्यज निज दयिता शोक,एकलंकेश लोकसह । जीतनको समरत्थ, कछू संशय नहिं यामह ॥ यह गिरि सुग्रीव निवासथल, तितमें प्रभु पगुधारिये

रघुवंशनाथ नरनाथ उत, वानरनाथ निहारिये ६ ॥ कविरुवाच ॥ तदनन्तर हनुमान, लक्ष्मण रामसहित तित । गवनकियो अवि- लम्ब, मभय सुग्रीव हुते जित ॥ तीनहुँको कपिनाथ, लखतभो उत में कैसे । मूर्तिमन्त मनु अग्नि, अङ्गधरि आवत ऐसे ॥ है गार्हपत्य इक अनल अरु, दक्षिण दहन द्वितीयहै । अभिधान अमल विल- सन्त, उहिं आहवनीय तृतीयहै १० अनिलज आनन अग्नि, राम कान्ताहाति वृत्तं । वानरेंद्र वरनन्त, प्रबल बाली कृतकृत्तं ॥ विद्य- मान पतिहोत, यहै अति अकृत कियो है । मारणकारण ताहि, राम- पन तुरत लियो है ॥ श्रीरघुवर कियो अधिज्य धनु, सुबहुल रोषा- नल प्रबल । कान्तापहरणकी ताप अति, हुती अनुभवित भांति भल ११ ॥ चन्द्रायणाछन्द ॥ नमन ससंभ्रमकियो अवधके इन्दको । आलिङ्गनकरि प्रचुर प्रेम सुकपीन्द्रको ॥ द्रुतभाविनि कन्दर्पकेलि सविलासहै । परहां । विस्मृत पुनरभ्यास करत मनुतासहै १२ ॥ दोहाछन्द ॥ कपिपति बूझत मारुती, दशरथनृप सुतचार । ताटक अन्तक कौन कहु, बोले पवनकुमार १३ ॥ षट्पदछन्द ॥ राम भरत अरु लषण, शत्रुहन सुवन चारसुन । दशरथनृपके विदित, विश्व कपिराज श्रवणसुन ॥ दिनकरकुल सन्तान, वल्लिवर गुच्छ सुमधु- कर । राजपुत्र सुविराज, मान तिन मध्य धीयधर ॥ ताटका काल रात्री हुती, रामचन्द्र प्रत्यूष यह । जिहिं चरित कथा कल कन्दली, मूलकन्दसम स्वादगह ॥ १४ ॥

इति श्रीपिपलोदपत्तनाधिपालरावतजीश्रीदूल्हासिंहजीविज्ञापितरत्नपुरस्थ
कविटीकारामाङ्गजगोविन्दरामविरचितेश्रीवरविलासेश्रीराम
सुग्रीवसमागमोनामषोडशोल्लासः ॥ १६ ॥

कविरुवाच । षट्पदछन्द ॥ सुनत प्रतिज्ञा परम, राममुख वारिज विकसी । बालीपठये सप्त, ताल अवलोकन निकसी । दैत्य सात

तरु ताल, सात अन्तर्गत अतिद्रुत । प्रकृति कुटिल करि क्रुद्ध युद्ध कारण आये उत ॥ सौमित्रि किये ते सरल जिन, शेषपृष्ठ थिर मूलकिय । निज चरणभार करि लक्षमण, दिव्यअस्त्र रघुराजलिय १ सोरठाछन्द ॥ सुनिये कृपानिधान, वदत लषण साशंकवच । इनपै शरसन्धान, सावधान है कीजिये २ कीजै सात निपात, एकसाथ इक विशिखकरि । करत महारक वात, यामें है जो अन्यथा ३ जानि राखिये सुजान, रामकहत सांचयहै । हरत असज्जन मान, सज्ज भये सज्जन रहत ४ ॥ कविरुवाच । छप्पयछन्द ॥ राम लियो कर बाण, वानि मुखलगे उचारण । कियोहोय दृढ़भाव, कुशिकनन्दन पद धारण ॥ अरु पुनि जो मैं होउँ, तिरस्कृत विशेष विन । अन्य अङ्गना मध्य, गयो ममन न एकछिन ॥ तौ सप्ततालको भेदिकै, प्रविशहु शर पातालमहँ । इमि कहि करि धनुषहि सज्जकरि, कियो बाणसन्धान तहँ ५ कदली बाल प्रकाशद, भङ्गसम सत्वर कीन्हो । एक बाणमधि सप्त, ताल तरु बेधन चीन्हो ॥ सप्तसाि गज सप्त,सप्त मुनि सप्त सरित्पति । सप्तदीप अरु मातृ, सप्त भयभीतभये अति ॥ संख्यान साम्यता तालसम, हनि तिनको हमकोहने । जे सात सात जितने हुते,ते सब घबराने वने ६ छूट्यो बाण कमान,ताल तरु सात फोरिकै । धँस्यो धरातलको प्रमाण, तिहिं तुरत दौरिकै ॥ भङ्ग भुजङ्गम भूरि, भीत अम्बरु पुनि आयो । पुंप धुनाय धुनाय, भाव विधि को दरशायो ॥ कीन्हों न पराक्रम प्रबल कछु, रह्यो शेष अवशेष है । निरशेष बसुन्धर राखिवो, यामें कहा विशेषहै ७ सुनतश्रवण संग्राम, रामहत सप्तताल सब । निरपराध बधकियो, तरुन अस जियजान्यो जब ॥ कोपानल प्रज्वलित, हृदय निकस्यो मह बाली । गिरिन्नखर बिनचल्यो, निरन्तर संगरशाली ॥ फटकारी पुच्छ अति

उच्छलत,कटकटात किलकिल करत । उच्छाह छक्यो बहु बक्षथल, अति अधीर धीर न धरत ८ ॥ कविरुवाच ॥ ताराभई सहर्ष,मोद मनमें नहिं मावत । पुरुषोत्तम श्रीराम, परम कृपया पुनि पावत ॥ चिर बिरही सुग्रीव, बक्षथल लुठिहों तूरन । प्रियतम प्राणसुजान, काज सिधिहै सम्पूरन ॥ इति मन्यमान गिरिशिखरपर, आरोहन कीन्हों कलित । संग्राम राम अरु बालिको, लोचनभरि लखिबे ललित ६ शैलशिखर संचरत, मनोरथ बितरत तारा । पारागत शोकाब्धि,बीर सुग्रीवसुदारा ॥ प्रसुनाश नाराच, प्रबल धाराधिपधारा । हारावलि संत्यक्त,स्रस्त धम्मिल्लनभारा ॥ किलकिला शालि बालीमहा,कुटिल कुचाली क्रूरहै । प्रियसन्तापी पापी परम,यमपुर जलदि जरूरहै १० गिरीगरिम गम्भीर, महा महिमालखि बाली । कहत लक्षमन राम-बन्धु निरखहु बलशाली ॥ बहल कलकला करत, बानराली प्रति-पाली । शिव शिव तुमुलोत्काल, चालित अति कृतघ्नणिमाली ॥ लांगूलवल्लि प्रोद्यत शिखर, कवलित कौशिक कुलिशाकिय । दो-र्दण्डशैल प्रहरण निपुण, किहिं करिकै योद्धव्यजिय ११ ॥ दोहा छन्द ॥ रामधीरता धारिधिय, नारायणनाराच । सज्ज कलित को-दण्डकरि, सुरचन वचन उवाच १२ ॥ चन्द्रायणछन्द ॥ पुरामूर्द्ध अभि-सिक्त सगुणबर विग्रहै । वेदमन्त्रकरि कियो कलित तब छिग्रहै ॥ तिनके तेज प्रताप करहु उच्छिन्नहै । परहां । दारुण परतिय हारि प्राणवपु भिन्नहै १३ ॥ दोहाछन्द ॥ पौरन्दरि परदारको, हरण पराभव शाप ॥ ब्रह्मतेज परिपूर्ण पटु, लसत रामशर आप १४ ॥ षट्पदछन्द ॥ पायो बीर प्रमाण, बाणरघुपति बर बिलसत । पावक प्रलय समान, शोचि बिजुरी जिमि उल्लसत ॥ हृदय भेद कृत बालि, तबै पौरन्दरि उच्चरत सबके शिरपर काल,यहै वासर निशि प्रचरत ॥ मम पिता

पुरन्दर तासु रिपु, रावण अनिहत इतरयो । यह शल्य हृदय शालत प्रबल, हौं सशल्य परपद गयो ॥ १५ ॥

इति श्रीपिपलोदपत्तनाधिपालरावलजीश्रीदूलहसिंहजीविज्ञापितकवि
दीकारामाङ्कजगोविन्दरामविरचितेश्रीवरविलासेबालि
हृदयभेदनोनामसप्तदशोल्लासः ॥ १७ ॥

पट्पदछन्द । कविरुवाच ॥ है सकरुण सविषाद, राम उच्चरत लक्ष्मण प्रति । सुन सौमित्रे यहै, काज कीन्हों अनुचित अति ॥ गिरिगह्वर सधि विहित, योनि निज मानि महतसुख । अनपराध अनुभवत, ताहि दीन्हों महानदुख ॥ किय महावीर बालीहनन, तासु प्रबल परिताप है । हौं मन्दभाग्य ह्वैहै कहा, अब मुहिं सियसुख पापहै १ रघुनाथ पछताय, रामकह पौरन्दरप्रति । तू ऊरनरन तात, बात यह जग जाहिर अति ॥ मेघनाद शरओघ, प्रसर हरिदुर्यश दीन्हों । गौतममुनि के शाप, नियन्त्रित भुजबल कीन्हों ॥ किय जनकजास रावनत्वया, कक्षागर्त कुलीरहै । ह्वैजै विशल्य तव शल्य हर, जाग्रत अङ्गद वीर है २ ॥ दोहाछन्द ॥ मेरी पाय सहायता, अङ्गद हनिहै ताहि । ह्वै विशल्य कीजै गवन, रावण रहिहै नाहि ३ ॥ बालिरुवाच ॥ कहा बालि सुग्रीव जो, कारज करिहै तोर ॥ सो हौं कानहिं करिसकत, निरपराध वधमोर ४ कविरुवाच । पट्पदछन्द ॥ रामनयन भरिनीर, विमलवर बोलेबानी । सुनहु पुरन्दरनन्द, कहतहौं तोहिं बखानी ॥ निरपराध सुखअर्थ, तोरवधभयो मोरकर । हनहु अबै तू मोहिं, शुद्धिह्वैहै ममसत्वर ॥ मत होहु जनकजा विरह अब, अभिरत उर इच्छत यही । सुनि बैन कमलदल नैनके, बाली तब बोल्यो सही ५ ॥ दोहाछन्द ॥ जबलौं हौं हनिहौं न तुहिं, तबलौं शमनसकास । ह्वै निवास तजिदीजिये, स्वर्गवास अभिलास ६ इमि कहिके श्रीराम प्रति, बाली छांड़े प्रान । तिहि वचको सत्यकरन हेतु, रघुबर परमसुजान ७ कलुककाल सेवित शमन,

संयमनी पुरवीच। प्रहरि पुरन्दर पुत्रको, निवसे नयननगीच ८ पुनिविषाद परिहारकरि,कियपौरुष अवलम्ब। परम सुहृद सुग्रीवको, दियोराज अविलम्ब ९ ॥ षट्पदछन्द ॥ आदिकियो अभिषेक, सुहृद सुग्रीव राजपद। यौवराज्य अभिषिक्त, बालिसुत कीन्हों अङ्गद। पवनतनय ले आदि, कपिन सेनापति कीन्हे। बिनशंका प्रस्थान, ललित लङ्काप्रति चीन्हे॥ तब वर्षाकाल व्यतीतकी, कपिभट म-न्त्रिन विनय किय। सुनिमाल्यवान गिरिशिखरपर,बर निवास जानन्त जिय १० ॥ चन्द्रायणाछन्द ॥ नाहिं रामते इतर शूरतर कोयहै। तिय हृतिसम नहिं अन्य पराभव होयहै॥ तदपि न कीनो सपदि समुद्र प्रवेशहै। हरिहां। बन्धनसेतु करन्त आप अवधेशहै ११ नाहिंरामसम बली सकल संसार है। दारहरण सम अहंकार न निहारहै॥ तदपि प्रतिक्षा शरद सेतु दृढ़बंधिया। परहां। तदनन्तर तितजाय निशाचर रंधिया १२ ॥ दोहाछन्द ॥ माल्यवान गिरिशिखर थित, लषणसहित श्रीराम। सुमिरिसीय कमनीयता, बदत बचन गुणग्राम १३॥ षट्पद छन्द ॥ इन्दू अञ्जन लिप्त, गलित दृष्टी इव हरणी। विद्रुम अरुण मलान, श्यामछबि सुबरण बरणी॥ सियास्वल्प सुरलेश,कोकिला कण्ठ परुषसम। बरहिनके बरबरह, गरह गुनहेरत हियहम॥ इमि बरणि अङ्ग सादृश्य को, जानकि गुण कीर्तनाकियो। लखिताण्डव आडम्बर तड़ित, कहनलगे पुनि भारिहियो १४ ॥ किरीटछन्द ॥ लोचनचारु समान सरोज तिन्हैं यहवारि डुबावत पावत। तोर मुखच्छबिछाय छटासम छज्ज छपाकर मेघ छिपावत ॥ तो गति तुल्य हमेश चलैं जगहंस हमैं दृगदूर दिखावत। यावत तावतमात्र बिनोदन वस्तुसबै लखि दैवदुरावत ॥ १५ ॥

इति श्रीपिपलोदपत्तनाधिपालरावतजीश्रीदूलहसिंहजीविज्ञापितरत्न पुरस्थकविटीक वलासे

अथश्रीहनुमान्नाटकेपञ्चमोंक । कविनाथ दोहाछन्द श्रीरघुवर कह वचनवर, वानर भटन सुनाय। शुचि सैनिक सुग्रीवके, चित्त सुनत लगाय १ महतव्यसन प्रापतभये, थिर न रहत कोउ लोग । लखि निशङ्क लङ्कापुरी, को इत आवन योग २ ॥ षट्पदछन्द ॥ ह्वै सहर्ष हनुमान, भुजन आस्फालन कीन्हों । निज प्रचण्ड दोर्दण्ड, परम पौढ़त लखिलीन्हों ॥ देव परय ममअङ्ग, अष्ट अंगुलमय दरसात। द्वादश अंगुल पुच्छ, बाहुअति लघुतर सरसत ॥ अति अमित अगाध अपार है, रत्नाकर किहि विधि तरत । यह सुनतराम वि-स्मित भये, जाम्बवान तब उच्चरत ३ ॥ चन्द्रायणछन्द ॥ देव मारुती यहै रुद्र अवतार है । करहु रुद्रको तपन धीय निजधार है ॥ सुनत यहै वच स्वच्छरामनुति कीन है । हरिहां । कारज मोर अशेष आप आधीनहै ४ मुदितमन जनि करहु कहावपु क्षुद्रहै । लसत रुद्र अवतार कितोक समुद्र है ॥ अघटित घटना घटन पटी यश पेखिये । हरिहां । लङ्का शङ्का कहा गिनतमें लेखिये ५ ॥ दोहाछन्द ॥ सुनत बचन श्रीरामके, हिय हर्षे हनुमान । मनसि महामुद मानि कै, बदत प्रबल बलवान ६ ॥ मनोहरछन्द ॥ कूरम है मूल आलवाल तूल पाथोनिधि, दशौंदिशि शाखा सर्व शोभाकी समाज है । प-ल्लव समान मेघ सुमन नक्षत्र सर्व, सूर्य सोम फल दोऊ विपुल वि-राजहै ॥ कहै हनूमान स्वामि करुणानिधान सुनो, यहै व्योम वृक्ष मोर क्रम गतआजहै । सुनि कपिराजकी अवाज सियशोध काज, आयसु उचारी अवधपुर अधिराजहै ७ हुकुम चढ़ाय शीशबोले पुनि हाथजोड़ि, इहिकी खुलासा खूब स्वामि सुनि पाऊँमैं । लङ्का इत लाऊँ जम्बूद्वीप लेइजाऊँ उत, अथवा अशेष अम्बुसागर सुखाऊँ मैं । किंवा कैलासमेरु मन्दर विन्ध्यादि आदि अदिन उखारि सेतु-

बन्धन कराऊँमैं । येहो परिपूर्ण प्रभू कीजिये हुकुम तूर्ण, सीय इत लाऊँ लङ्का चूर्णकरि आऊँमैं ८ राजन के राज महाराज अधिराज राम, रावरी रजायसु यथैव सुनि पाइहौं । शोपिहौं समुद्र क्षुद्र लङ्काको अलङ्का करौं, लङ्का अधिपाल वेगिबांधि इत लाइहौं ॥ पतिव्रत मानकीर्ण जानकी ले आऊँ नाथ, अंघ्रिप उखारि अद्रि ओघन उठाइहौं । सागर पटाइहौं हटाय वारिनिधी वारि, दुष्टन दटायकै अरिष्ट उचटाइहौं ९ कहिये कृपानिधान होतहै विलम्ब मोहिं, मारतण्ड वंशके विभूषण अखण्डहै । संयुत प्रकारसविहार तोरणादिसह, लङ्का लाऊँ इतै कै तितेई करौं खण्डहै ॥ युद्धकाज क्रुद्धह्वै समुद्धत सकल सैन्य, सबको उठाय तितजाय करौं मण्डहै । कछूहु असाध्य नाहिं सकल सुसाध्यमम, परम प्रचण्डचण्ड मेरे दोरदण्ड है १० ॥सोरठा छन्द ॥ सुनि मारुत बरबोलि, श्रीरघुबर प्रमुदित भये । मञ्जुमुद्रिका खोलि, पवनसुवन अर्पणकरी ११ लङ्घन करहु समुद्र, सिय विसास दे मुद्रिका । पुनि इत आवहु रुद्र, मोजीवत अविलम्ब अति १२ तब तथास्तु हनुमन्त, कहि गहि मञ्जुल मुद्रिका । किय वन्दन आगिनन्त, श्रीरघुवर सुग्रीवसह १३ पवनपुत्र बड़बीर, चपलचले बहुवेग ते । पतितरंगिनीतीर, चितवत किय चित चिन्तवन ॥१४ ॥

इति श्रीपिपलोदपत्तनाधिपालरावतजीश्रीदूलहसिंहजीविज्ञापितकविद्रीका रामानुजगोविन्दरामविरचितेश्रीवरविलासे पवनपुत्रप्रयाणो नामैकोनविंशोल्लासः ॥ १९ ॥

कविरुवाच । षट्पदछन्द ॥ दूरतिक्रमक्रम मिलित, घूर्म ऊर्मी मर्मच्छिद । युतरज भरकादम्बककुभ रुन्धत गुरुगाति भिद ॥ गाढ़ाम्रेडन रूढ़, घटाघन संघट्टनकारि । नील व्योम सुर सरित, अम्बुकण गहत धायधारि ॥ अति ऐसे झंझा बात ये, करत घोर घनघातहै । अवलम्बि धैर्यधिय श्वसनसुत, सज्जाकियो सवगातहै १

शोथतकृत लांगूल, स्फालकेलीकरि व्याकुल भये गगनचर अखिल पुच्छफटकार छटाकुल ॥ स्तम्भित अति प्रकाश जलधिजलचर वा चालित । भये भूरि दिग भागवीर लङ्घत जलनिधिजित ॥ जह्यालवंड उड्डीन अति, खगपति अङ्गीकृतकियो । मनमगन गगन मगसंच-रत, हनूमान हरषित हियो २ पुच्छकेतु उचाल, नभसि पृथुगति अङ्गी-कृत । अभ्र छिथा उत्पतन, पृष्ठ कृशोध सरचकृत ॥ उरुवेग उछलित, पयोनिधि ललित लहरकिय । अरुण अङ्गवपु, दूर सिन्दूर छटा लिय ॥ अतितेजभाग करिकै सकल, दिङ्करि कटितट स्वरणकृत । ते सूर्य विद्ध अम्बुदसदृश, अति उत्तम उपमानभृत ३ ॥ कविरुवाच ॥ दोहाछन्द ॥ उहि अवसर आयो उतै, हिमगिरि सुत मैनाक । कछु मो पर विश्रामगहि, गमनकरो पुनि नाक ४ ॥ मनोहरछन्द ॥ प्रेरित पयोधि रत्नाभ कलकांचनाग, सुवनहिमाद्रिमइनाक नाम धेय है । बचन उचारत भो आये दूर अध्व आप, सुन्दर शिखर मोर अत्रश्रम हेय है ॥ सुनि गिरिवाच अग्र अंगुली लगाय ताहि, चले अग्र उग्रगति माहति आगेय है । भुजरय पौनपुञ्ज पूरित ककुभकरि, आञ्जनेय अरिन अजेय मग श्रेय है ५ ॥ चन्द्रायणछन्द ॥ माला शालतमाल तालगण जालहै । बेलातट मारुती लखत सुविशालहै ॥ बक्षय कल्लोलिनी तूर्ण सुलंघयन् । परहां । उच्चतालधी बल्लिगगन सुलोलयन् ६ ॥ पद्ध-पदछन्द ॥ अथ दशरथनृपसूनु, अमल आयसु करिकायो । वन माक्षिकसम रूप, पुरीलङ्का लखि पायो ॥ पवनपुत्र हनुमान, अन-तरत शिंशप अगहै । मात्रा परिमित देह, जाहि जान्यो नाहिं जगहै ॥ जानकी अग्र उत आयकै, अभिनन्दन अगणित करत । करअंगु-लीय रघुनन्दकी, धराणिसुता सम्मुख धरत ७ जनकनन्दिनी जनाति,

कौन तू हौ शाखामृग कौन पठायो तोहिं, रामपठयो इततवढिग ॥

यहै कह्यो तव हाथ, मुद्रिका तिनके करकी । तोहिंदई यह नाहिं, निशानी है निज वरकी ॥ जबलई जानकी प्रेमयुत, हृदय लगाई सहित हित । रोमांच कलेवर संचरे, नयननीर बरसत अमित ८ ॥ दोहाछन्द ॥ आंखिनते अविरल गलत, अश्रुन ओघ अमाप । सुवरणकी जानी नहीं, तब मारुति कह आप ९ ॥ नगानिकाछन्द ॥ सुवर्णकी सुवर्णकी सुवर्णकी सुवर्णकी १० ॥ सोरठाछन्द ॥ अवनि अंगजा आप, कछु आशा उरआनिकै । पोंछे अश्रुकलाप, मुद्रिक सों बूझनलगीं ११ ॥ षट्पदछन्द ॥ अरी मुद्रिका कहहु, कुशल सह श्रीरघुनन्दन । कहु कुशली है लच्छ, स्वच्छ चितसरसत चन्दन ॥ सुन स्वामिनि युग भ्रात, कुशलपै तव चिन्तातुर । बिरह न दीजै देव, यहै अभिलाष रहत उर ॥ सिय तव वियोग जवते भयो, मुद्रिक अभिधा भजिगयो । प्रभु करमधि धारण करत, नित नामधेय कङ्कण भयो १२ इहिमुद्रिक मणि मध्य, पीउ प्रतिबिम्ब बिलोकत । करों दरश अस आश, उरसि चितदे अवलोकत ॥ निज प्रतिबिम्ब निहारि, अमित उर अचरज आयो । प्रभु मनमेरो ध्यान, धरत सोही वपुपायो ॥ तद्रूपतनकछू ना लखत, पेखिपरत मद्रूपहै । भ्रमभूरिभयद भ्राजन्त मन, सुता जनकपुर भूपहै १३ ॥ कविरुवाच । चन्द्रायणाछन्द ॥ पुनि कछु चेतन पाय कहत हनुमानते । अति कृश पिय वपु जान परत अनुमानते ॥ मुद्रिक कङ्कणभई अवर कहिये कहा । परहां । दारुण दशा वियोग रची है विधिमहा १४ तब बोले हनुमान युगल करजोरहे । पहिलेही कृश परम बिरह पुनि तोरहे ॥ प्रतिपद तिथि नर पढ़त तासु विद्या यथा । परहां । पावत तनुताकन्तकलेवरहै यथा १५ ॥ षट्पदछन्द ॥ पुनि वैदेही वदत, बिरह मधि कछु न सुहावत दिनकर समद धिती, मधाकर दृग दरशावत । पङ्कज

लगे फुलिङ्ग, कुलिश कर्पूर परसहै। शम्पालक शशिकला, तासु बड़वानल जसहै॥ मनुमलयज दावानलजगत, पशुवियोग दुख गाइये। संदेश मोर गहि रामढिग, अविलम्बित उत लाइये १८॥

हनुमानुवाच। चन्द्रायणाछन्द॥ कछु न राम शरदूषनात मनमानिये। हरियूथप दुर्गम्य कछु न पहिचानिये॥ कुपित लखनदृग स्वामि रक्षकुलहै कहा। परहां। सानुकूल तव देविदैव मदुदितमहा॥१७॥

इति श्रीपिपलोदपत्तनाधिपालरावतजीश्रीसूजरसिंहजीविज्ञादितरत्नपुरस्थकविटीकारामात्मजगोविन्दरामविरचिते श्रीवरविलासेन्दुशतिर्मिर्सं-तेजाद्योनामविंशोल्लासः॥ २०॥

कविरुवाच। पद्धरछन्द॥ एते नै समरुझ, पवनसुत पूछनलागे। राजवाटिका कहां, मात कहि पश्चिमभागे॥ शाखो सन मधरह, पुच्छ फटकारि गयेतित। लीलानन उत्पाटि, कियो मधुवन भकपाजित॥ अभिधान अक्ष रावणसुवन, मारयो परिवाधातहै। तिहि क्रोध अरुण लोचन किये, मेघनाद दरशातहै १ ब्रह्मदत्त ब्रह्मास्त्र, चलायो मेघनाद जब। रुद्ररूप मारुती, जरै वृथाभयो सब॥ इन्द्रजीत उर आनि, अमित विधि निन्दाकीन्ही। तबै विधाता पवनपुत्र, द्युति छतिचितचीन्ही॥ सुनि वाक चतुर्मुख विनयते, आये बन्धनवीचहरि। बानर विलोकि रावणतदा, बोलत रचना वचनकरि २ रे बानर तू कौन, अरेहौं तवसुतहन्ता। खण्डखँडन श्रीराम, दूत अभिधा हनुमन्ता॥ मम दोर्दण्ड कठोर, ताड़नाद्भुत यातिसोहै। त्रिकुटाचल है कहा, मेरु का तू पुनि कोहै॥ कोदण्ड जनक दीक्षा गुरु, अनघ क्षिप अधिकायते। लङ्केश निशाचरनाथ तू, कहा कोटि कीड़ायते ३॥ चन्द्रायणाछन्द॥ कुपितहोय लङ्केश चलायो लम्भहै। कस्यो न कपिको केश सुमन जिमि लग्ग है॥ सज्जन मैत्री यथा नाहिं उच्छिन्नहै। हरिहां तव श्वसनसुत वपुष भयो न हि भिन्न है ४

शणवेष्टितकरि बहल चलंचयतूल है तेलप्लुतद्रुत कियो ललित लांगूलहै ॥ दनुज करत देदीप्यमान दरसन्तहै । हरिहां । हेरिहेरि हनुमन्तहीय हरसन्तहै ५ सिया हिया अकुलाय कहत बरबैनहै । चित चिन्तातुर महातनक नहिं चैनहै ॥ अरजी अनल सुनन्त अनिलसुत कारने । हरिहां । सुहृद सुवन जियजानि कृपाकफवारने ६ आज्य होमकरि कियो राम तुहिं तुष्टहै । परुषबचन सुनि बिप्र भये नहिं रुष्टहै ॥ पतिभक्ती करि युक्त मोर जो चित्त है । हरिहां । ह्वजोशीतल भव मरुतके मित्त है ७ ॥ सोरठाछन्द ॥ शीतल भयो हुतास,सुनि सियकी पदुप्रार्थना । हनुमतहीय हुलास,चारुचन्दनालेप सम८॥ मनोहरछन्द ॥ निपट निशङ्क लङ्कगढ़को दहन कियो, बानरके पुच्छ पायो जन्म अग्नि आप है । ज्वाला आसमानलौं बिकासमान भासमान, दशौंदिशि पूरिरहीं अम्बरअमापहै ॥ आसुरी असुरबाल वृद्ध तरुणादि सब, व्याकुल बिशेषहाय अखिल अलापहै । मनो राम चापशर दापके संताप तस,स्वर्गभो पलायमान रावण प्रताप है ९ ॥ चन्द्रायणाछन्द ॥ पलभक्षक पल भक्षिहुताशन प्रबलहै । परम त्रास संत्रासिभयो अति चपलहै ॥ गिस्यो अम्बुनिधि बीच जासप्रतिबिम्बहै । अरिहां । मानोपिबत अति तृषित तितै अब अम्बु है १० दशग्रीव बहिभार करत सुबिचारहै । हनूमान बरबिदित रुद्र अवतार है ॥ हौं आजत भव भक्तनगर मम किमि दह्यो । परहां । इहिको कारण यही चारु चितमें चह्यो ११ दश शिरकरि दशरूप भये संतुष्टहै । एकादश अवशेष भयो यह रुष्टहै ॥ पंक्तिभेद कल्याण कौनको देतहै । हरिहां । नगरदाह हनुमान कियो इहि हेतहै १२ ॥ षट्पदछन्द ॥ बड़वानलकरि सिन्धु,बिम्बदिनमणि करिअम्बर । चपलाचयकरिलसत,रुद्दा अति मेघाडम्बर भालनेत्र भ्र जन्त,तथा न हिं श शिभृत

करहै। प्रलयानल करि काल, इन्द्रधनुधाराधरहै ॥ इमि भुवमण्डल करि मेरु गिरि, तस शोभा नहिं लहतहै । देदीप्यमान कपि पुच्छ करि,अनुपम उपमा गहतहै १३ मन्दमन्द गिरि कहत,निशाचर नगर निवासी। मरुतपुत्र इक यहै, पुच्छ ध्वज गगनविलासी ॥ स्वामियि कपि कटक, अहह इत पीछो ऐहै । चीन्हि चीन्हि के सकल, दुसह दारुण दुख दैहै ॥ इहिं एक कियो उतपात अस, अगणित वानर आयहैं । अति हाय हाय घबराय, वट कहा कहा दुखपाय हैं १४ नभमण्डल थितहोय, कहत कपिवर दशमुखसों । हौं इकतू कोटीश, तदपि तुहि जीतौं सुखसों ॥ जनकसुता जानकी, लेव जावो तित अतिद्रुत। सबप्रकार समरत्थ, स्वामि मुहिं दिय न हुकुमउत ॥ सुग्रीव अग्र रघुबीरवर, भुज उठाय ऐसे कही। क्षणमध्य छपाकर निकरयुत, रावणहौं हनिहौं सही १५ ॥ दोहाछन्द ॥ इमि कहि लङ्का भस्म करि, बनिकाशोक बिहाय । अभिज्ञान याचन करत, श्रीजानकि ढिगजाय ॥ १६ ॥

इति श्रीपिपलोदपत्तनाधिपालरावतजीश्रीदूलहसिंहजीविज्ञापितकविटीकारामाङ्गजगोविन्दरामविरचिते श्रीवरविलासे लङ्कापुरदहनो नामैकविंशोल्लासः ॥ २१ ॥

कविरुवाच । चन्द्रायणछन्द ॥ काल व्यालवर वधू सदृश बिलसन्तहै । धूमशिखा सम शत्रु शिखा सरसन्तहै ॥ शिरोरत्न सियलेय दियो हनुमानहै । परहां । अभिज्ञान यह एक सुप्रथम पिछानहै १ चित्रकूट गिरि काककलेवर धारिकै । शक्रसुवन मम गयो सुहृदय बिदारिकै ॥ ईषिकास्त्र करि कियो तस्य चखकान है । परहां । श्रीरघुवर को देउ द्वितीय अभिज्ञानहै २ मनःशिलासम तिलक सुलालित कपोल में । कियो पाणितल मृष्ट कन्हु,जिय तोल मैं । यह तीसर अभिज्ञान पुरउपति भाषिहौं अरहां जीवन अवधी

मासमात्रकी राखिहौं ३ ॥ कविरुवाच । षट्पदछन्द ॥ जलयुक्तं गहि रत्न: प्रमुख अभिज्ञान अनूपम । अभिबन्दन किय जनकनन्दिनी पद वारिजसम ॥ आय उदधितट आप, अटन अम्बर मगकीन्हो । आडम्बर भुज प्रबल: पराक्रम अद्भुत चीन्हो ॥ हनुमन्त महामति-मन्त अति, साधि स्वामि कारज सकल । अति सत्वर उत आवत भये, जित रघुवर बिलसत बिकल ४ ॥ चन्द्रायणछन्द ॥ मारुत चुम्बित चारु केसरा लसतहै । प्रमुदित ताराधीश अम्बशर हशतहै ॥ बिर-हित रामालोक सुआतुरवन्तहै । हरिहां । आयो यहै बसन्त किधौं हनुमन्तहै ५ ॥ दोहाछन्द ॥ सीतापति सम्भ्रम सहित, आलिङ्गतअव-लोकि । बिनवत युग करजोरिकै, बारम्बार बिलोकि ६ ॥ हनुमानुवाच । षट्पदछन्द ॥ पियो नाहिं अम्बुधी, नाहिं लङ्कासुर नीता: । रावणशिर लायो न, नापि सीता आनीता ॥ आश्लेषार्पण पारि, तोप कारण किहिंपाऊं । लखि प्रभु प्रभुता परम, अनुग निज जीय लजाऊं ॥ बिभुवार्त्ताहारक दूत मैं, युत सँदेश इतउत कहौं । किहि लायकहौं करुणानिधे, आलिङ्गन कैसे चहौं ७ ॥ कविरुवाच । दोहाछन्द ॥ रामकहत बिकलपसहित, ऐरे कुटिल बिधात । कहा कहा करिहै अहो, सो जानी नहिंजात ८ ॥ हनुमानुवाच । षट्पदछन्द ॥ कितै अयोध्यापुरी, अवर पुनि रामभद्रकित । तेऊ दशरथ बचन, पाय आये दण्डकइत ॥ कौन दुष्ट मारीच, कनकमय मृग अति अद्भुत । कुत सीता अपहार कितै मैत्री कपिपतियुत ॥ मुहिं कित सीताकी शोधको, पठयो श्रीरघुबर तितै । अति क्रूरकर्म सुबिधात यह, अव-टित अघटित कृतइतै ९ ॥ कविरुवाच । दोहाछन्द ॥ रामरत्त बिदरत हृदय, प्राणचहत परलोक । तूरन आवेदन करहु, जिमि जानकि अवलोक १० हनूमान सत्वर बदत, जगदानन्दक राम । तोर

प्राणगति द्वारकी, अर्गलकर अभिराम ११ इमिकहि अर्थ्यों शिर रतन,तिलक मृष्टवत्तूर्ण। चित्रकूटगिरि शिखरपर, सो वरण्यो सम्पूर्ण १२ रामपाय अभिज्ञानत्रय,साधु साधु कह बैन। प्रियाकुशल पूछनलगे, जलभरि नीरजनैन १३ ॥ हनुमानुवाच। षट्पदछन्द ॥ कृशता वरणनकरौं,शशिकला मलिनद् शूला। पांडुये पुनि पाण्डुता, मृणाली मेलकनूला ॥ अश्रुश्रोत उच्चरौं, अम्बुनिधि अलप लगत है। लखत सीय सन्ताप, हुताशन शीतलगतहै ॥ लावण्य शेष बहु लगत वह, हिय रावर स्मृतिमात्रहै। हनुमन्त कहत सुनिये प्रभो, केवल करुणापात्रहै १४ ॥ कविरुवाच। दोहाछन्द ॥ प्रभु पूछत हनुमन्त पुनि, लङ्कापुर के बीच। कहा कथाकिय कर्णगत, कहहु उच्च अरु नीच १५ ॥ हनुमानुवाच। षट्पदछन्द ॥ नाहिं कथा शृङ्गार, कुतूहल कथा नाहिं कित। नहिं साङ्गीतक कथा,कथा विधान जितै तित ॥ नाहिं करिन की कथा, तुरंगम कथा तथा नहिं। नाहिं धनुष की कथा, विशिखआदिकन कथाकहिं ॥ सुन नाथ निशाचर नगर मध्य, स्वपनहुं मधिनाहिं अन्यथा। भयभीत रावरे भूरिमन, प्रबल पलायनकी कथा १६ ॥ श्रीरामउवाच। दोहाछन्द ॥ त्रिदशन करि दुर्द्धर्ष अति, लङ्कापुरी महान। विद्यमान दशकण्ठके, किमि जारी हनुमान १७ ॥ हनुमानुवाच ॥ सीताके निश्वासकरि, कियो लङ्कपुर दाह। पहलेही वह दग्धही, कोपानल नरनाह १८ इक शाखाते कूदिकै, शाखान्तर पै जाय। शाखामृग को जोर यह, रञ्च न अधिक लखाय १९ सागरको उलंघिबो, तथा लङ्कपुरदाह। रावर पूर्ण प्रभाव सब, निरखिलेउ नरनाह २० ॥ कविरुवाच ॥ लङ्कासधि शङ्का सहित, शरणागति सियबैन। क्षीरअमरके न्यायकरि, पिय बहु मोरबनैन २१ शरमोवाच तू ग हि है जो पीयत्रपु, पिय बनिहै

तनुतोर । होहिं युगल विपरीत रति, यामधि कहो निहोर ॥ २२॥

इति श्रीपिपलोद्पत्तनाधिपालरावतजीश्रीदूलहसिंहजीविज्ञापितकविटीका-
रामाङ्कजगोविन्दरामविरचितेश्रीमरविलासे हनुमद्विजयो
नामद्वाविंशोल्लासः ॥ २२ ॥

हनुमन्नाटकेषष्ठोङ्कः ॥ कविरुवाच । षट्पदछन्द ॥ पवनपुत्र जब जाय, कही कपिपति ते ऐसे । राज्य गर्वकरि बिसरि,गयो प्रभुकारज कैसे॥ बालीदशा बिसारि, दई सब भूल्यो निजदुख । पूरण रामप्रभाव,अनु-भवत इत सारेसुख ॥ सुग्रीव सुनत मारुत बचन, सकल सैन सह संचरत । परिहारि प्राणप्रिय प्रेयसी, समरवीरता धियधरत १ बिजय दशमि आसौज, विशददल श्रीरघुनन्दन । कियो प्रबल प्रस्थान, निखिल निशिचरन निकन्दन ॥ बल अष्टादश महा, पद्म संख्या कस बलहै । यूथनाथ ये कहे, अपर कपिसंख्य प्रबलहै ॥ बहु व्याप्त भयो भूतल सकल, दिशाबिदिश आकाश है। कपि कटक बिकट कटकटत रद, किलकिल शब्द प्रकाशहै २हनूमान कह सुनहु,नि-खिल नरनाथ मुकुटमनि । आवत यह चहुँओर, अमित कपिकटक अनीकनि ॥ जिनके भाराक्रान्त, भूमिमज्जत तिहि भरकरि । दशन कटंकरि लिखत, शेष अहिकमठ पीठपरि ॥ उत्पतत पतत ज्यों ज्यों प्लवङ्ग,त्यों त्यों नमतरु उन्नमत । फणिराज प्रयाण प्रशस्ति लिखि, फेनपुञ्ज अविरत वमत ३ हन्धित सन्धी सन्धि, स्वास उर्मिन करि अविरत । हारावलि गलछिन्न,रत्न अदयालु अमितच्युत ॥ कीन्हों फल भञ्जिका,भङ्गक्रम परम परिश्रम।श्रवणाकाश निरन्तराल शिरस्तब्ध भुजंगम ॥ ध्रुव धारत धरणीधीर धरि, भुग्न भयो भासन्तहै । बानर सुवीर बिक्रमनभर,तरलताप त्रासन्तहै४रटतरामभो मरुत,सूनुसुनि जीजै सत्वर क्लेश करनको कूर्म, ककुभकुल थगित निखिलकर ॥

कटक कपिकेर अपरिमित ॥ नासीर दुन्दुर मधुरमत, नागाडम्बर बहुलसत। पै जानतहौं यह मोर सब, विजय तोर भुजबल बसत ५॥ कविरुवाच। दोहाछन्द ॥ अति अद्भुत कपि कटक लखि, मिथिलभामिनी भूर। बदत वचन परिहाससुत:निरखत सैनासूर ६॥ षट्पदछन्द॥ नाहिं शस्त्रकित लसत,न कछु अस्त्रन अवलोकत। नाहिं रथनकी कथा, वाहवारण न बिलोकत ॥ नाहिं रूपम नाहिं सुतर, शिविर नहिं नृपहु जटाधर। बिलनाहिं वर वसन, नाहिंनृप रचन छत्राधर॥ भाषत जरठ मिलीन सों, हम बैठी इतभातहै। सुनि कहत सकल समुझायकै, तिनकीते सब मातहै ७ लङ्कागढ़ जेतव्य चरण, तरणीय जलधि जल। प्रबल शत्रु पौलस्त्य, सहायक इतमरकटबल॥यदपि राम यह एक,सकल रिपु प्रतिबल दलिहै। निशिचर निकर निशेष, पराभव पावत पलिहै॥ कहि क्रिया सिद्धि सब सत्त्वमधि, महतजनन की मानिये। आडम्बरहै उपकरनको, यह अवस्यउर आनिये ८॥ कविरुवाच ॥ अत्रान्तर वृत्तान्त, तत्र लङ्का लीजै सुनि। मन्त्रशाल उपविष्ट,मन्त्रिमोच्छाहित चित गुनि॥ वदत बिभीषण बचन, सहित उत्कण्ठ भटनप्रति। स्वर्णपुंख शित बिशिख, बज्रसम मनो बायुगति॥ जबलौं न गहैं शिर सबन के, तबलौं है कर्त्तव्य यह। द्रुत दशरथनन्दन दीजिये,निमि नृप नन्दिनि मोदमह ९॥मनोहरछन्द॥ त्रिबरग धर्म अर्थ काम ये कहावत हैं, मोक्षको मिलाय चतुर्वर्ग पहिंचानिये। धारिये धरम प्रातहीते मध्यद्योस जौलौं, उत्तर अहनि अर्थ संग्रह सुठानिये॥ सायंकाल समै काम सेवन यथेच्छ कीजै, गावत गोविन्द श्रुति बचन प्रमानिये। मोक्षहै महान जिय जानहु जहान बीच, आठौ याम सो अवश्यमेव उर आनिये १० ॥ सोरठाछन्द अर्पहु सीता राम, कहत बिभीषण भ्रततें नय धारहु प्रिय

धाम, अनय किये बिनशात सकल ११ ॥ पद्पदछन्द ॥ पुनि रावण प्रति कहत, यहै नर बानर जाती। इनते रहिये डरत, बड़े ये सब उत्पाती॥ हयहय महिपति मनुज, बसे कारागृह अन्दर। निघसेजाकी कख, रहे बालीहो बन्दर॥ पौलस्त्य करतहौं प्रार्थना, रघुबर सीय समर्पिये। बन्धनागार थित बिबुधगण, तिन बिसर्जि सन्तर्पिये १२॥ चन्द्रायणाछन्द ॥ किल नाशक कुलकीर्ति कोप तजिदीजिये। बहुबर्नन यश बंश धर्म थिरकीजिये॥ ह्वै प्रसन्न सब सबैं काज सो कीजिये। हरिहां। दाशरथी श्रीराम मैथिली दीजिये॥ १३॥

इतिश्रीपिपलोद्पत्तनाधिपाजरावनजीश्री.दुलहसिंहर्जाविज्ञापितकविटीकारामाज्ञजगोविन्दरामविरचिते श्रीवरविलासे बिभीषण सम्भाषणोनामत्रयोविंशोल्लासः॥ २३॥

रावणउवाच। चन्द्रायणाछन्द॥ कह सकोप जानकीजीय जानन्त हौं। मधुसूदन रघुनन्द मनसिमानन्तहौं॥ बधजानत दशबदन तदपि थिर थप्पिहौं। हरिहां। मेरे जीवत राम सीय न समप्पिहौं १॥ दोहाछन्द॥ रावण ऐसे वचनकहि, कृतबामांघ्रि प्रहार। तबै बिभीषण गमन किय, लिये सचिव सँगचार २ महातङ्क लङ्कानगर, धूमकेतु निजबंश। छांड़ि बिभीषण तूर्णतिहिं, चल्यो हुलसि हिय हंस ३ बिबिध बिराजित नितहुते, श्रीरघुनन्दनराम। तितआति तूरन आयकै, चितपायो बिश्राम ४॥ पद्पदछन्द॥ लखत बिभीषणआव, परस्पर बानर उचरत। करि है लङ्काधीश, प्रणति पदपङ्कज प्रचरत॥ जिमि कीन्हों सुग्रीव, सकल मर्कटभट राजा। तैसे याहि अधीश, आपिहैं असुर समाजा॥ इहिसाखी तुम हम सकल,है यामें संशय नहीं। अतिउर उदार दातार तर, श्रीरघुनन्दन हैंसही ५ ॥ दोहाछन्द॥ जो बिभूति दशग्रीवको, शिरछेदे शिव दीन। राम बिभीषण कोदई, दरश होत लघुचीन ६ प्रणमि चरण वा रज बरण, पुनिकर

आयसु पाय। निकट बिभीषण थित भये, छबिलखि उर न अघाय ७॥ षट्पदछन्द॥ अथ सौमित्री मित्र, पुत्र दशरथ नरनायक। उत्तर तट अम्भोधि, भये थित जन सुखदायक॥ गर्भ दर्भ आकीर्ण, अमल उपवेशन ऊपर। बैठे रघुबर राम, अपर सब आगत भूपर॥ आयो न अब जब अम्बुनिधि, तब अति कोपाकुल बरण। आग्नेय अस्त्र आदृत उन, सिन्धु सलिल शोषण करण ८॥ कविरुवाच। चन्द्रायणा छन्द॥ रामचन्द्र दशवदन नाश उद्यम कियो। मांसाहारीजीव महामन मुद लियो॥ मृग कपि वन अरु भैरव तपोधन आदिकी। अरिहां। महामित्रता मानि लईसु अनादिकी ६॥ षट्पदछन्द॥ होतो नहिं मारीच, हिरन बचन को करतो। हनुमत कपिनिन कौन, कहै मनसंशय हरतो॥ सघन महावन बिना, सीय हर रावण कैसे। बिन तपसी के शाप, सबै बानक किमि ऐसे॥ ये सुहृदवर्ग हमरे सबै, परम कृपा इन मापहै। अब करिहैं अदन अघापकै, आमिष असुर अमाप है १०॥ कविरुवाच। सोरठाछन्द॥ अति भयसंयुत सिन्धु, सुरबपु धरिआयो उतै। राम दीनजनबन्धु, तवन करत कर जोरि युग ११॥ समुद्रउवाच। षट्पदछन्द॥ पूर्व पितामह सगर, आप निश्चय अनुमान्यो। हूहै हमरे गोत्र, नृपति दशरथ जगजान्यो॥ हयमख करिहै वहै, आज्य आहुति बहु परिहैं। व्याकुल ह्वैहै कमठ, शेष किमि धरणी धरिहैं॥ तिन ताप शमन सागर सकल, सुखरि संयुत प्रकट कृत। धिरचै तिन्हैं उधरत अबै, अनुचित उचित न धीयधृत १२॥ श्रीरामउवाच। दोहाछन्द॥ चापस्पाउ सौमित्रि मम, शोषौं सागरनीर। चरणन ते चलिजायँगे, बिन श्रम बानर बीर १३॥ कविरुवाच॥ तबै बिनय किय तोयनिधि, जो है बन्धन सेतु। युग युग लौं ज हिर रहहि, जगम धि कीर ति केतु १४ मुनि वारि नि के बचन

वर, हुकुम दियो श्रीराम। करत सेतु रचना रुचिर, बानर नलअभि-राम १५ ॥ कविरुवाच । षट्पदछन्द ॥ तिरत देखि प्रस्तरन, मरुतसुत बचन उचारत । कहु अन्तरजकी बात, प्रभो प्रत्यक्ष प्रचारत ॥ पाहन डूबत आप, अवर संगीन डुबावत । इहां तिरत सबतेपि, अपर सह-चरन तिरावत ॥ यह ग्रावनको गुण है नहीं, वारिधि बानर को तथा । राघर प्रताप महिमा लसत, इतरन की इत का कथा १६ ॥ चन्द्रायणाछन्द ॥ प्लवग पुरोगम सिन्धुसलिल मय देखिया । तिन पाछे कपिकटक पङ्कमय पेखिया ॥ उनहूँ के पश्चात भाग बानर रहे । हरिहां । जलधि हुतो इहिठौर वचन ऐसे कहे ॥ १७ ॥

इति श्रीपिपलोदपत्तनाधिपालराघवजीश्रीदूलहसिंहजीविज्ञापितकवि
टीकारामाङ्गजगोविन्दरामविरचितेश्रीवरविलासेसेतुबन्धननाम-
चतुर्विंशोल्लासः ॥ २४ ॥

हनुमन्नाटकेसप्तमोङ्कः ॥ कविरुवाच । दोहाछन्द ॥ गिरिसुबेल तट कपि कटक, सुत उतरे रघुबीर ॥ उर अनुकम्पा आनिकै, उचरत गिरागँ-भीर १ ॥ श्रीरामउवाच ॥ महाबीर अङ्गदबली, तुम रावणढिग जाउ । प्रथम साम कर्तव्य है, सो करि हुत इतआउ २ ॥ षट्पदछन्द ॥ उभय बन्धु असमच्छ, होत तैने हरिसीता । आधिपत्य अहंकार, मत्त अ-थवा आनीता ॥ ताहि दीजिये तुरत, नतर लक्ष्मण मार्गन गन । करहिं असुर उच्छिन्न, उच्छलच्छोनित क्षितिघन ॥ सह पुत्र पौत्र परिजनसहित, अन्तकपुर प्रतिजायहौ । जउ बीसश्रवण चष बीस तउ, बधिरअन्ध कहायहौ ३ ॥ कविरुवाच ॥ कहि तथास्तु युवराज, पितृबध वैरसिसर्जित । चल्यो चपलगति लङ्क, उरसिरिपुशङ्क वि-वर्जित ॥ गगनाङ्गन उत्पतन, करत किलकिलरव करिकरि । प्रबल पुच्छ फटकार, उच्च धाराधर धरि धरि ॥ उतपात केतु उद्भट असुर, सिंहासन आसीनत्र हि उपम न अमित अङ्गदलसत, निर्जरपति

सुत सुजनसहित ४ ॥ कविरुवाच । चन्द्रायणाछन्द ॥ मातुमकरी प्रहस्त रामको दूत है । आवन चाहत इतै कोपि कपिपूत है ॥ आयसु अंगुराधीश दई अन्दागयो । हरिहां । अवलोकत आकाश सचन उचरतभयो ५ ॥ अङ्गदउवाच । षट्पदछन्द ॥ रे कौनपकुल कहौ, कौन रावण अभिधाना । रतनरवीन्दू वंश, हरनकरि नष्ट निदाना ॥ त्रिजगदहन नयनयन, त्रिशिप शूलहुते अतुलित । प्रलयानल प्रभु राम, असुह्वैहै पतङ्ग तित ॥ चितचाहत जो तुमरो भलो, उत्तमबात बतात अब । सीता समर्पि सन्तर्पिये, घटिजैहै बनघात सब ६ ॥ कविरुवाच । दोहाछन्द ॥ साभ्य नृप रावण रटत, अङ्गद उत्तदेत । भय उक्ती प्रत्युक्ति युत, उत्तम उपमालेत ७ ॥ अन्योन्यभाषण । षट्पद छन्द ॥ रेकपि तू है वही, कौन जो पहिले आयो । जाकी जारी पुच्छ, तनय मम जाहि बँधायो ॥ ताने तो तित कही, निखिल लङ्का पुर जारयो । मारयो तव सुत अक्ष, मुधा कपिवचन उचारयो ॥ यह झूठ बात कै सत्यहै, कोप लाज भय युतभयो । अङ्गद वरिष्ट बरबैन सुनि, रावण मुख मुद्रितरयो ८ पुनि रावण बूझत, अरे कपिगुण कहतावक । रामराज लेख्यार्थ, दूरमापक बहुधावक ॥ लङ्कादाहक हनूमान, वह कहहु कहां अब । राक्षस सूनू वद्ध, श्रवण सुनि तिन ताड़ित सब ॥ भासत जित सत्रीण अति, परम परामव पाय कै ॥ वह कोजाने किहि ठौर है, कितमें रह्यो लुकायकै ९ जिहि कपिकिय पुरदाह, अवर कानन कृत भञ्जन । गिरि दरि असुरन भरी, अस सुत कीनो गञ्जन ॥ तुम जानतहो ताहि, कछू वह करिहै बिनती । पै हमरे इहि कटक, बीच ताकी नहिं गिनती ॥ वह दूर दूर भागन छिपे, विदित बड़ो मजबूतहै । सन्देश इतै उत भेजवे, त्यानन कारन दूतहै १० लङ्का दई जलाय, अक्ष तनसुत संहारयो । अरु पुनि

असुरन ओघ, अमित क्षण बीच प्रहास्यो ॥ सम्भाषण सियकीन, अब्धि उल्लङ्घन ठान्यो । उहि अविशा हनुमान, मान कानन भल भान्यो ॥ जबकामपड़े बड़युद्धको, तितै ताहि भेजत न कित । कछु दूरलेन सन्देश है, तब तितको भेजन्ति नित ११ ॥ रावणउवाच ॥ राम सुन्दरीविरह, विदित बैठ्यो वपुहारित । तासचिन्तया लच्छ, भयोमल वच्छ विदारित ॥ बयोवृद्ध सुग्रीव, यथा निर्मूल कूलतरु । कौन विभीषण गिनत, अतिथि अरिभयो दीनअरु ॥ रावण वदन्त अङ्गद सुनहु, और न कोऊ अनेकहै । लङ्कालगाय पावक परम, मोरबध्य कपिएकहै १२ ॥ अन्योन्यभाषण ॥ कोहै बनपति तनय, कौन बनपति तव संगी । कोसंगी इकदिवस, ससागर कृतअङ्गी ॥ कक्षापुट तुहिंलिये, फिर्यो वह बानरबाली । हां जान्यों वह कुशल, कुशल तितकर्म कुचाली ॥ श्रीरामचन्द्र जबरुष्टहै, स्वस्तिमान को रहि सकत । अनरन्यभूप तर्पण करन, रम्य रुधिर तो तनुतकत १३ कहा करतहैं राम, प्रतीपन विजय निरन्तर । किहिप्रतीप जयकियो, विदितबाली सुदिगन्तर ॥ कोबाली का बिसरिगयो, पहिंचान कहा कपि । यहहू विस्मृति तोर, अहो बड़मोह महानपि । पर्य्यङ्क बद्ध दश वदन तू, निज बालक कल केलिकृत । लखा प्रहार ममबिसरिगो, अति अचरज ध्रुवभीय धृत १४ ॥ अङ्गदउवाच ॥ प्रथम तिर्यो दुर्लंघ्य, अम्बुनिधि बानर शावक । दैत्यन बहु दुर्भेद्य, भेदि प्रविश्यो पुरतावक ॥ बनरक्षक उच्छिन्न, भक्षिफल अक्षहननाकिय । प्रदहन लङ्कापुरी कियो, अवलोकनहू सिय ॥ इतिविस्मान्न दशबदन तव, एक अल्पकपि आचरित । मैं कौनकौन वर्णनकरौं, रामभूप अगणित चरित १५ ॥ रावणउवाच ॥ रावण करि आक्षेप, उचारत आनन ऐसे । भग्न भग्न शिवचाप, बालि आहतहत तैसे । सप्त तालहत

हतक, वारिनिधि बद्धबद्धकृत। कहापराक्रम राम, अहंकृति करि उर आवृत॥ भुज धरत शैलमारगपरा, अहिपति अङ्कर शिनत्तसन। तिनसहित अचल कैलास धृत, विरहित रुज मम भुज हसत॥२६॥

इति श्रीपिपलोदरस्तानाधिपालरावतजी श्रीकूलहसिंहजीविज्ञापित कविटीकारामाङ्कगोविंदरामविरचितेश्रीरघुविलासेरावणा- ङ्गदान्योन्यसंभाषणंनामपंचविंशोल्लासः॥ २५॥

कविरुवाच। दोहाछन्द॥ सुनि सुनि रावणके वचन, करि करि कपिपति कोप॥ स्वामिभक्ति अभिनेय उर, वच उचरत साटोप १॥ अङ्गदउवाच। षट्पदछन्द॥ करि आगत तोहिं, बालि नामा बल वारो। कपिकुल तिलक सुसर, सिन्धु सन्ध्यार्चन सारो॥ कियो अखिल अविछिन्न, बलिष्ठ न उहिं सम कोऊ। श्रीरघुबर रणधीर, हन्यो इकशर करि सोऊ॥ सत्यज्ज्य अहंकृति अमितउर, यह बानर सुरपुर गयो। तजिदेउ गर्व यह सर्व तुम, निज हिय अन्दर जो रयो॥ जिहिंसँदेश हरिदूत, मरुतसुत तिरयो वारिनिधि। गोपद इव उर आनि, स्वामि किय सब कारजसिधि॥ निज आलय जिमि आय, प्रवेशन कृत लङ्कापुर। सिय सम्भाषण दर्श, कियो कानन भञ्जन तुर॥ तव भूरिसैन गञ्जन सखुत, पट्टपत्तन प्रदहन ठयो। किहि भांति राम वर्णनकरौं, प्रभु प्रताप सब अतिछयो २॥ कविरुवाच। दोहाछन्द॥ बालि तनय वर वचन सुनि, रावण भयो सक्रोध॥ अहंकार आरूढ़ है, उचरन लग्यो अबोध १॥ रावणउवाच। षट्पदछन्द॥ हन्यो कनकमृग मात्र, तुच्छ तृणचर कानन मधि। अवन हन्यो वृक्ष, करन शाखी बाली वधि॥ वीर कहावत राम, मोर हियहास होत है। प्रबल पराक्रम पुञ्ज, दशानन जग उदोत है॥ बहु बाहि मालज्वाला जटिल, अति हन्नशार सन्धान है। जिय जबर युद्ध उद्योगयुत, मम समान नहिं आनहै ५

मको दूतभयेमते, सन्धी विग्रह होय अक्षत सक्षत तनु पीठक्षिति, अवलुण्ठनहै तोय ६ ॥ चन्द्रायणछन्द ॥ रावण जानहु मोहिंदूत श्री राम को। महावीर रणधीर सुगुणगण ग्राम को॥ खरदूषण मृगभक्षि तृषित शरभूर है। अरिहां। पिवहिं कण्ठ घट रन्ध्र रुधिर सुजरूर है ७॥ रावणउवाच। दोहाछन्द ॥ रेवानर अति अधम, कटुक प्रला- पत काहि ॥ अवपालाय सुनिलीजिये, यहिविधि रावण आहि ८॥ षट्पदछन्द ॥ मृत्यु भृत्य पादांत, तपति दिनकर सुमन्दरुचि। लोकपाल पुनिअष्ट, मोरभय चकित रहत शुचि॥ बन्दतनित पद- रेणु, इन्द्र आदिक निशिवासर। चन्द्रहास ममलखत, गर्भ सब सुर अहितियनर॥ अति उग्रप्रतापी असुरपति,रहत सकल करजोरिकै। अब आये इत तपसी युगल, वानर सैन बटोरिकै ९ ॥ कविरुवाच। दोहाछन्द ॥ भूतल ताड़ित पानितल, भुज अस्फालन कीन। अङ्गद होइ सक्रोधवपु, उत्तरत बचन अदीन १० ॥ अङ्गदउवाच। षट्पदछन्द ॥ रेरे राक्षसवंश, घोरघातक पातकचय। समर मध्य श्री राम, करहिं तव सकल शीशक्षय॥ दिशा विदिशि परिपूर्ण, निकर नाराचन करिहैं। रघुवर वीर सुधीर, जबै कर वर धनुधरिहैं ॥ तव तोर मत्थ भूपर परहिं, गृद्ध करहिं लुण्ठित लपटि। समुदाय शिवा कवलित करैं, भखैं काग भुण्डन झपटि ११॥ कविरुवाच। दोहाछन्द॥ रावण बदत प्रपञ्चयुत, कटुवादी कपि तोहिं। हौं न हनत इहिहेतु तुहिं, धर्मशीलता मोहिं १२ दूत यथोक्त वादि है, नरपति हनत न ताहि। क्रूर कोपकारि करत है, वपु विरूप कछु वाहि १३ ॥ अङ्गदउवाच ॥ परदारा अपहरण महि, लई न रंचक लाज। अबै दूत परित्राण विच, धर्मशीलता आज १४ ॥ रावणउवाच। षट्पदछन्द॥ इन्द्र माल्य करमोर, द्वार प्रतिहार सहसकर गृह सम यंक वायु

बरुण चुन चन्द्रछत्रधर॥परि निरत पावक्य,परम पावक पटु पावक। रावक नारद प्रमुख, देवगुरु आदिक यावक॥ मम भवन विभव लखत न कहा,तवन करत रघुवर महा। वह मनुज मात्र वपु विदित है, वर राक्षस भक्षण रहा १५॥ अङ्गदउवाच॥ रेरे रावणहीन, दीन कुमती तव दरशात। रामहिं मानत मनुज, पूज्य याचक चय परशात॥ कहां नदी सुरनदी, कहां गज ऐरावत गज। रवि हय है हय कहां, कहां परजापतिहै अज॥ रम्भा कहां अबला कहां,युग गिनती कृतयुग कहां। कितकाम धनुषधारी कहां,कपि वानर हनुमतमहां॥१६॥

इति श्रीपिपलोदपत्तनाधिपावरावतजांश्रीदुर्जनसिंहजीविनिर्मितकवि
टीकारामाङ्गजगोविन्दरामविरचितेश्रीवरविलासेरावणाङ्गदयो
रुत्तरप्रत्युत्तरवर्णनंनामपड्विंशोल्लासः॥ २६॥

अथ प्रश्नोत्तर॥ रावणउवाच। पद्धरछन्द॥ कोतू किहिको सुवन, यहां आयो किहि कारण। शिरपाविजयी पृष्ठ, ताहि तृणसम कियो धारण॥ अङ्गदउवाच॥ वाली तव बलमथन, पुत्र अङ्गद अभिधाना। आयो अचल सुबेल, दूत रघुवर जगजाना॥ बहु बार बार समुझायकै, कहत तोहिं जड़मति अजहु। जानकी देहु जगदीश को, किंवा मस्तकतति तजहु १॥ रावणउवाच। सोरठाछन्द॥ धिक धिक अङ्गदजान, जाने तव मास्यो जनक। वीरवृत्ति निर्मान, दूत होय अरि लजत नहिं २॥ अङ्गदउवाच॥ मुक्ति कियो श्रीराम, जानेमम मास्यो जनक। शासित त्रिलोकी धाम, कृत्यकाज सदुरातमन ३॥ रावणउवाच॥ राम कहा कृतकाज, यहै चित चाहत चीन्हो॥ उत्तर दिय सुरराज, अम्बुनिधि बन्धन कीन्हो॥ रावणउवाच॥ लङ्कानाक निकाय, बेरि बसती नहिं जानत। अरु अतरल बल माहिं, मनाकहु नहिं पहिचानत॥ तब काहि अङ्गद जानत सबै, पै तुम्हीं नाहि बतहै लङ्काधिराज यह विभीषण, ने दित वीर बखानत है ४॥

रावणउवाच ॥ बानर बांध्यो सेतु, लखी कौनसी बड़ाई । गिरिसमान बल्मीक, पिपीलिक बिरचितपाई ॥ लङ्कदही हनुमन्त, याहुमें नहिं अधिकाई । दाहक अग्नि स्वभाव, विदित जगजन सवठाई ॥ आश्चर्य शौर्य निज भुजनको, राम अपर किंचित कियो । युवराज वहै वर्णन करहु, सो सुनिबे हुलसत हियो ५ ॥ अङ्गदउवाच ॥ तिहि तिय निकट नितान्त, थिरीकृततनु चित बिलसी । सिय समान सुखलेन, बहिन रावर हिय हुलसी ॥ तिहिकी नासा बसा, खड्ग कीन्हो प्रभु पंक्ति । खरदूषण त्रिशिरादि, रुधिर करिकै धोयो किल ॥ परियस्त नयन तव दर्पइव, स्वसानाक छेदन कियो । श्रीराम वहीबिसरतकहा, विश्व विदित जिहि यशलियो ६ ॥ रावणउवाच ॥ परिमित महिमा क्षुद्र, तितहु कृत क्षितिधरघटना । तरिकै तुच्छ समुद्र, लगाई अविरत रटना ॥ अकलित महत महत्त्व, दुलद दुष्पार परमहै । विंशतिभुज दशबदन, विंशती सागर समहै ॥ ते अति अगाध जिन थाह नहिं, बृथा परिश्रम करतहौ । सब सिद्ध करहु निज निज निलय, बिना मौत क्यों मरतहौ ७ ॥ अङ्गदउवाच ॥ रे रे रावण असुर, अवनि पर रावण केते । हमने बारम्बार, श्रवणपुट कीन्हे एते ॥ कार्त्तवीर्य दोर्दण्ड, चण्ड पिण्डीकृत इक है । दूसरगत दैत्येन्द्र, द्वार दासीदतधिकहै ॥ नाचियो नाच गहि कवल तित, तीसर लज्जाजन्य है । इन बीच कहहु तू कौन सो, अथवा इनते अन्य है ८ ॥ रावणउवाच ॥ कुम्भकर्ण मम भ्रात, अखिल अरिकुलसंहारक । कालरूप बिकराल, कलेवर भवभयकारक ॥ मेघनाद मम पुत्र, पुरन्दरबन्धनकर्त्ता । चन्द्रहास मम खड्ग, सकल शत्रुन संहर्त्ता ॥ ममहैं सहाय निशिचरनिकर, त्रिभुवनबिजयी शत्रु सुर । रावण लसन्त अभिधान मम, राजत राजा लङ्कपुर ९ भयेहुते बलवान, महा कपिपति

हैहयराति दशकन्धरको कन्ध,प्रतिष्ठा अब छाई अति मद्य छिपा-
इत करउ, कन्दलीकी कसकथ कारि। अंसस्थलि अवकीर्ण,इभा-
जिन पल्लव निज धरि॥ धूर्जटी झाटिति प्रस्फोटयत, आनन उचरे
धन्य है। सम वाली अर्जुन समयते, अव प्रचुरनल अन्य है १०
वक्षस्थली कठोर, मोर संगरमो सुख्याति। ऐरावत गजदन्त, मुसल
उन्नत आहत अति॥ भग्नभयो मुखकरी, हृदय मम तनक न त्रा-
सत। अरु हेला उच्छित, अद्रि कैलास प्रकाशत॥ संत्रस्त अङ्गना-
लिंगने, प्रचुर प्राप्त आनन्द हर। लङ्काधिराज रावण निरखि, पुन
ओर है अन्यतर ११॥अङ्गदउवाच॥ रे रावण दुर्बोध, सधन प्रख्यात
पराक्रम। चहत रामते युद्ध, युक्त नहिं लखत तोहिं हम॥ रहनदेउ
रघुराम, लक्ष्मण कृत धनुरेखा। लंघितभई न तुच्छ, तबहिं तब बल
सब देखा॥ उन लघु किंकर लंघित जलधि, पुरी दग्ध अरु अक्ष-
हत। रण घनघमण्ड तजि दीजिये, मम वचकीजे शरणागत १२॥
रावणउवाच॥ हिरण्यकशिपु हिरण्याक्ष, दैत्य ईश्वर भस्माङ्गद। अ-
वर अमरद्विष सकल, बल कथा तुलित नचाङ्गद॥ अहुसार मम
अलं, अलंकृत इन अवलोकत। समता लहत न कोपि, यदपि बहु
विश्व विलोकत॥ जो रामचन्द्र रिपुहा कहत, भयो भिया अपहरण
अब। अरु संधिबात करबातहै, जानि लियो इहि बीच सब १३॥
अङ्गदउवाच॥ मत्थन करि मत क्रीड़, कहत कैलास सुअरसुन। शिव
गहि गहि पुनि देत, तथा रामन रावण सुन॥ अभी वन्धन देख,
स्वल्प सहस्र सरसायो। कमल बन्धु कुलवधू, छण्ड चहजो सुख
पायो॥ हम हितू हेरि हितकी कहत, यासधि न कार अचकम है। मम
जनकके दिव्य दोर्दण्ड जय,कलित सुकीरति खम्भ है १४॥प्रश्नोत्तर॥
१॥ को तू बलितनय दूत श्रीरामको। को रघुवर अरु

वानर बाली नामको ॥ बांधि तोहिं चतुसिन्धु मुहूरत मधि भ्रम्यो । हरिहां । वह बाली ममतात हीय ते किमि गम्यो १५ ॥ षट्पदछन्द ॥ दोर्दण्ड परचण्ड तोर, प्रति हनन प्रबलजगति । सहसबाहु भुज स-हस, सद्य छेदन कृत भृगुपति ॥ परशुराम गर्वापहारि, श्रीरामदूत हौं । अङ्गद मेरो नाम, पुरन्दर पूत पूतहौं ॥ जब भूरि भ्रमन मूर्च्छित लख्यो, जनक घृणा संयुत भयो । पुच्छाग्र बाल सुनिवास दिय, तदपि तुच्छ बिस्मितरयो ॥ १६ ॥

इति श्रीपिरलोद्पत्तनाधिपालरावतजंश्रीदुलहसिंहजीविज्ञापितरतलपुरस्थ कविटीकारामाङ्जगोविन्दरामविरचितेश्रीवरविलासेरावणाङ्गद प्रश्नोत्तरवर्णनंनामसप्तविंशोल्लासः ॥ २७ ॥

रावणउवाच । चन्द्रायणछन्द ॥ बाल तालतरु हने सार्द्ध त्वचते-हुते । जर्जर जीर्ण पिनाक भङ्ग नहिं अद्भुते ॥ हरक्रीड़ाचल कियो कन्दुकी क्रीड़ है। हरिहां । सो सुनि सुनि सब बीर होत सब्रीड़ है १॥ षट्पदछन्द ॥ श्रवण पथन मधि पांच, शूर आवत मम कतिकति । साम्य शरणि उल्लंघ्य, जगति जागर्ति लङ्कपति ॥ जिहिं दोर्यखल गाढ़, परम पीड़न बरबशते । रक्तछटा घनघटा, मनोद्भव धातु दर-शते ॥ अंकुरित करत शङ्का अजों, शंकर गिरि कैलास है । अङ्गद अशेष मम भुजन मधि, प्रबल पराक्रम वास है २ मूरधनिज उत्कृत्य, हुताशन हुत जबते अति । स्फुरित बह्नी व्याकीर्ण, भाल लिपि लखि लङ्कापति ॥ होहिं रामते काल, अस्य इति बर्ण बांचि तित । अधिक उमंगि शिर आप, असखलित होय चारुचित ॥ प्रभुपद पिनाकि पीड़ित किये, गिरा जासु गुणगायते । अस लसत लङ्क नगराधिपति, कवन तास बैगायते ३ इहिं दशमुख बड़बीर, धीर का बर्णन करिये । प्रबल पराक्रम पुञ्ज, प्रचुर धिय धीबर धरिये ॥ पूजन काज पिनाकि, करन चह मस्तक माला । सूत्रहेत हरकण्ठ,

